


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 4 अप्रैल 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-006 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## कांग्रेस के आला नेताओं का दिल्ली में डेरा

### चाय की प्याली में कहीं तूफान के संकेत तो नहीं

**रायपुर,4 अप्रैल**

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में एक बार फिर फेरबदल की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है. इस बार वजह आला नेताओं की दिल्ली में मौजूदगी है. सीएम भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया आदि नेता दिल्ली में हैं. छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा भी दिल्ली में हैं. हालांकि पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के भी दिल्ली में होने की खबर आई थी, लेकिन बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि वे कोंडागांव में ही हैं.

प्रदेश में चुनाव के ऐलान को अब लगभग 6 महीने का ही समय बचा है और एक बार फिर मंत्रिमंडल और संगठन में फेरबदल की खबरें उड़ने लगी है.

संगठन का खेमा इस बात को लेकर आश्वस्त नजर आता है कि पीसीसी अध्यक्ष मरकाम ही विधानसभा चुनाव कराएंगे और उन्हें कन्टीन्यू करने के संकेत मिल गए हैं. हालांकि सत्ता से जुड़ा खेमा फेरबदल की बात से इंकार नहीं करता. एक चेहरा जो बार-बार चर्चा में आता है, वह अमरजीत भगत हैं. भगत सीतापुर के विधायक हैं और खाद्य मंत्री भी हैं. जाहिर है कि भगत को यदि संगठन में जिम्मेदारी दी जाती है तो उनसे मंत्री पद लिया जाएगा. ऐसे में मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर जिन चर्चाओं को पहले विराम दे दिया गया था कि अब कोई बदलाव नहीं होना है, वह गलत साबित होगी. आला नेताओं के दिल्ली में मौजूदगी को लेकर जो चर्चाएं हैं, उसे लेकर कुछ नेताओं का कहना है कि यदि संगठन में फेरबदल जैसी कोई बात होती तो मरकाम को भी दिल्ली बुलाया जाता. कांग्रेस के सामने अभी कर्नाटक चुनाव की बड़ी चुनौती है. कर्नाटक में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है. भाजपा से पहले कांग्रेस और जेडीएस की सरकार थी. ऐसे में यह भी संभव है कि छत्तीसगढ़ के नेताओं को कर्नाटक चुनाव में जिम्मेदारी देने के लिए बुलाया गया हो. हालांकि दोपहर करीब दो बजे के आसपास सीएम भूपेश बघेल दिल्ली से लौट रहे हैं. संभवतः उनसे चर्चा में यह स्पष्ट हो पाएगा कि दिल्ली में क्या-क्या हुआ?

## संक्षेप

### कवर्धा के जंगल में आग

**कवर्धा,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में भोरमदेव अभ्यारण्य के केसदा जंगल और रेंगाखार के खारा जंगल में मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग लगाने से बेस किमती इमारती लड़की और औषधीय पौधे जलकर खाक हो गए हैं। आग की लपटों से पूरा जंगल घिरा हुआ है। जगह-जगह आग लगी हुई है, जिसके चलते वन्यप्राणी आफत में है। धू-धू कर जल रहे जंगलों के आग से वन्य प्राणियों के जीवन खतरे में हैं। वहीं आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मी लगातार जुटे हुए हैं, लेकिन वन विभाग के सुस्ती के चलते अब तक आग पर काबू नहीं पाया गया है। इसके पहले भी जिले के कई बार जंगलों में भीषण आग लग चुकी है। वहीं गर्मी में आग से काबू पाने के लिए वन विभाग के पास कोई प्लान नहीं है। आग लगाने से ईमारती लकड़ियों के साथ-साथ वन्य प्राणियों को भी भारी नुक्सान हो रहा है।

### बेकाबू ट्रक ने 2 युवकों को कुचला, मौत

**रायगढ़, 4 अप्रैल ।** शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डूमरमुड़ा गांव में सड़क किनारे ठेले में एगरोल खाना दो युवकों को उस वक्त महंगा पड़ गया जब एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी में लिए जिससे मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया है।

## सुशील आनंद ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

### कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही ईडी

**रायपुर,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट और बिलासपुर उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है. उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी पत्र लिखा है. सुशील आंनद शुक्ला ने कहा, राजनीतिक बदले के लिए भाजपा छापा मरवा रही है. कांग्रेस नेता को परेशान किया जा रहा. कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूड़, बिलासपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा है. संचार प्रमुख ने अपने पत्र में इडी की छापेमारी का सिलसिलेवार ब्योरा दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी राजनैतिक बदला भांजने छापे डाल रही. उन्होंने कहा, ईडी अपनी कार्यवाही का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं कर रही. कांग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है.

### नाबालिग बहनों से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी,4 अप्रैल।** नगरी पुलिस ने हत्या और दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है. मामला नगरी थाना क्षेत्र का है, जहां दो नाबालिग बहने जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गई थी. तभी आरोपी अकबर नागरची कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया और नाबालिग से जबर्दस्ती करने लगा. विरोध करने और शोर मचाने पर अकबर ने लड़की पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, लेकिन दोनों नाबालिगों ने हौसला दिखाई और आरोपी अकबर को दांतों से काट दिया और धक्का देकर गिरा दिया. इसके बाद मौका मिलते ही दोनों बहनें भाग निकली. घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी.

## न्याय पाने तहसीलदार की गाड़ी के सामने लेट गया पीड़ित

**बलौदाबाजार,4 अप्रैल।** जिले के तहसील टुंड्रा के अंतर्गत ग्राम हसुवा में तहसीलदार चित्ररेखा चंद्रवंशी ने पूर्व से काबिज किसान के मकान को तोड़ दिया. इस कार्यवाही के बाद पीड़ित किसान टीकम साहू न्याय पाने तहसीलदार की गाड़ी के सामने लेट गया और कहा कि सभी का बेजा कब्जा तोड़ा जाए. किसान टीकम साहू ने बताया, अपने निजी भूमि 2711 रकबा 0.040 हे. एवं 2713/3 रकबा 0.032 हे. से लगे पूर्वज के काबिज हिस्से पर मकान निर्माण किया, जिसे रेशमलाल साहू पिता गरीबदास ने मकान निर्माण पर स्थगन आदेश लाकर काम रुकवा दिया. इसके बाद तहसीलदार कसडोल ने जमीन की जांच कराने के बाद 2713/1 पर टीकम प्रसाद साहू पिता मान्धाता साहू हसुवा द्वारा 0.105 हे., रेशमलाल साहू पिता गरीबदास साहू कोटियाडीह द्वारा रकबा 0.007 हे., राजेश पिता सुकलाल साहू धमलपुर द्वारा 0.002 हे., श्यामलाल साहू पिता गरीब दास कोटियाडीह द्वारा 0.0 58 हेक्टेयर पर बेजा कब्जा पाया गया. कसडोल तहसील के विभाजन के बाद यह केस नया तहसील कार्यालय टुंड्रा आ गया. फिर इस केस को नया तहसीदार टुंड्रा ने अवलोकन कर सभी के खिलाफ बेदखली वारंट 28 फरवरी को पारित किया और कब्जा हटाने के लिए 13 मार्च निर्धारित कर समन जारी किया. बेजा कब्जा नहीं हटाने पर नियम के मुताबिक हटाया जाना बताया. इसकी सूचना 13 मार्च को मिला था फिर टीकम प्रसाद साहू ने न्यायालय तहसीलदार टुंड्रा को 28 मार्च को निष्पादन की कार्यवाही स्थगित रखने आवेदन किया. इसके बाद प्रकिया से गुजरते हुए 27 मार्च को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद को आवेदन किया. तहसीलदार टुंड्रा ने बेदखली वारंट में रेशमलाल पिता गरीबदास जाति तेली, टीकम साहू पिता मान्धाता जाति तेली, राजेश कुमार पिता सुकलाल जाति तेली, श्यामलाल पिता गरीब दास जाति तेली को शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की बात कही फिर भी एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए जेसीबी से मकान को तोड़ दिया, जिससे टीकम साहू को अपूर्णीय क्षति हुई.



## राखड़ बांध में हादसा, 4 मजदूर घायल

**बिलासपुर,4 अप्रैल**

एनटीपीसी सीपत के राखड़ में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। 70 फीट ऊंचे राखड़ डेम से हाइड्रा पलट गया जिससे ऑपरेटर के अलावा अन्य 4 मजदूर घायल हो गए। जिनका इलाज बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में किया जा रहा है।

ग्राम रांक स्थित एनटीपीसी के 2 नंबर राखड़ डेम में सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे ठेका कंपनी केएस इंजीनियरिंग के 4 मजदूरों को लेकर हाइड्रा चालक डेम के ऊपर राखड़ पाइप की रिपेयरिंग करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान हाइड्रा का बैलेंस बिगड़ गया और 70 फीट नीचे लुढ़कते हुए नीचे गिर गया। इस दौरान हाइड्रा में सवार मजदूर कृष्ण कुमार धुर्व और मंगल प्रसाद हाइड्रा से छिटककर दूर जा गिरे जबकि चालक मुकेश विश्वकर्मा 38 वर्ष एवं मजदूर हेमलाल उम्र 44 वर्ष, जयरामनगर, चैत राम मंजारे उम्र 42 वर्ष रांक निवासी हाइड्रा में फंस गए। हाइड्रा के पलटते ठेका श्रमिकों के बीच कोहराम मच गया। सारे मजदूर उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। एनटीपीसी से भी सूचना देकर अधिकारियों को बुलाया गया। घटना वो बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ और 3 घंटे बाद हाइड्रा में फंसे ड्राइवर और मजदूरों को निकाला जा सका।

### मणिपुर में बम विस्फोट में 5 प्रवासी मजदूर घायल

**इंफाल,4 अप्रैल ।** मणिपुर में उखरूल जिले के फुंगरीतांग और व्यूलैंड क्षेत्र के बीच सोमवार शाम एक आईईडी विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. घायल हुए पांचों लोग मणिपुरी के नहीं हैं.







## एक नजर

### पश्चिम क्षेत्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में बीएसपी को मिले सर्वाधिक पुरस्कार

**भिलाई,4 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र को इस वर्ष 21 से 24 फरवरी 2023 के मध्य कलकत्ता में आयोजित 34 वीं पश्चिम क्षेत्रीय कार्यकौशल प्रतियोगिता 2023 में एक बार में अबतक का सर्वाधिक 13 कार्मिकों को पुरस्कार प्राप्त हुए। जिसमें 5 ट्रेंड्स, कारपेंटरी,फिटिंग,पी.एल.सी.,टर्निंग व मषीनिंग मे सभी प्रथम एवम् द्वितीय पुरस्कार तथा 3 ट्रेंड्स, इलेक्टिंल,हाइडेलिक्स व वेल्डर में एक-एक पुरस्कार भिलाई इस्पात संयंत्र को प्राप्त हुए। मानव संसाधन विकास विभाग की मुखिया मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, विभाग के कार्यशाला के प्रमुख, ,उप महाप्रबंधक मुकुल कुमार सहारियाने सभी विजेताओं को इस विशाल सफलता के द्वारा उक्त बड़े मंच पर मिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। ज्ञात रहे कि उक्त प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिष्ठित कार्यपालक निदेशक कार्यकौशल प्रतियोगिता में सफल हुए कार्मिक ही भेजे जाते हैं। इस वर्ष कार्यपालक निदेशक कार्यकौशल प्रतियोगिता 10 ट्रेड्स में 19 से 29 सितंबर 2022 के मध्य मानव संसाधन विकास विभाग की विभिन्न कार्यशालाओं में तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक मा.स.वि. तथा व्या?उ?. संजय धर तथा कार्यशाला प्रमुख उप महाप्रबंधक मा.सं.वि. मुकुल कुमार सहारिया के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गयी थी जिसमें 397 कार्मिकों में प्रतियोगिता हेतु अपना पंजीयन करवाया तथा उनमें से 292 कार्मिकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### बीएसपी महिला समाज की वर्ष 2023-25 के लिए नई कार्यकारिणी गठित

**भिलाई, 4 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र महिला समाज द्वारा आमसभा का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। आमसभा में उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह तथा विशेष रूप से अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणीति मुखोपाध्याय एवं श्रीमति मौली चक्रवर्ती उपस्थित रहे। आरंभ मे श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह ने भिलाई महिला समाज के सदस्यों का स्वागत करते हुए वर्ष 2021- 23 की कार्यकारिणी के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। तत्पश्चात उन्होंने अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-25 की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की। इसमें महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सह सचिव सोनाली रथ कोषाध्यक्ष शिखा जैन तथा सह कोषाध्यक्ष दीपन्विता पाल को नियुक्त किया गया। इसके अलावा श्रीमती लीला देवांगन एवं अष्टमी साहू को सहयोगी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस आयोजन में पुरानी कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे। जिसमें सचिव श्रीमती रन्ना रानी डोकानिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती गायत्री साहू एवं सह कोषाध्यक्ष श्रीमती मऊ रे ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस नवगठित कार्यकारिणी घोषणा की आमसभा का उद्बोधन सचिव श्रीमती रन्ना रानी डोकानिया द्वारा किया गया।

### निदेशक प्रभारी ने संयंत्र का दौरा कर भिलाई बिरादरी का बढ़ाया हौसला

**भिलाई, 4 अप्रैल।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ इस वित्तीय वर्ष को विदा किया है। इसके साथ ही भिलाई बिरादरी ने नए वित्त वर्ष 2023-24 में और अधिक



श्रेष्ठ निष्पादन करने हेतु कमर कस ली है। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई बिरादरी को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई देने तथा आगामी वित्त वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयंत्र का विस्तृत भ्रमण किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के भ्रमण के दौरान , कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय , कार्यपालक निदेशक ए चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा , मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. एम रवींद्रनाथ, सहित अन्य उच्च अधिकारीगण मौजूद रहे।

### भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सुपर फास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**भिलाई, 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ के कोमाखान जहां ग्राम पंचायत है वहीं कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का जनहित में रेलवे बोर्ड के नियम को शिथिल करते हुए ताक में रखकर कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिया गया है जिसका कांग्रेस जनों ने स्वागत किया है एवं उसी के तर्ज पर प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं के सांसद विजय बघेल, विधायक देवेन्द्र यादव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सभी सुपर फास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज देने की मांग ज्ञापन भेजकर की है क्योंकि उक्त स्टेशन पर दस लाख से भी ज्यादा की आबादी निर्भर है प्रतिदिन पौने दो लाख रुपयों की आमदनी होती है और आय का यह आंकड़ा रेलवे द्वारा सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त हुआ है उसके बाद भी सुपर फास्ट एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं दिया जाना दुर्भाग्य की बात है जिसके कारण आम नागरिकों को अन्य स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है जिसके कारण उन्हें समय के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है जोकि भिलाई वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीर चंद अरोरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लल्लन तिवारी, नागेंद्र तिवारी, प्रभाकर राव जन बंधु, राजकुमार चौधरी, गज्जू महाजन, शिवराज ताम्रकार आदि नेताओं ने भी रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सुपर फास्ट एवं मेल तथा एक्सप्रेस ट्रेनों का रेलवे बोर्ड के ठहराव के लिए निर्धारित आय से भी कई गुना ज्यादा आय प्राप्त होने के बाद भी भिलाई पावर हाउस में सभी ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं दिया जाना भिलाई वासियों के साथ भेदभाव की जाने का आरोप लगाते हुए कहा है ।

# कार्यशाला में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 अप्रैल।** पात्र लोगों को बेरोजगारी भत्ता के लिए अधिक से अधिक आवेदन कराने निगम सभागार में कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया तथा पात्रता की श्रेणियां किस प्रकार से होंगी और कैसे आवेदन करना है इसके बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान राजीव मितान क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी को पात्र हितग्राहियों तक बेरोजगारी भत्ता की जानकारी प्रसारित करने बैठक में कहा गया। निगमायुक्त रोहित व्यास ने भी इसके निर्देश दिए है। नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता के लिए क्लस्टर तैयार कर लिए गए हैं, क्लस्टर के मुताबिक सभी शिक्षकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को इसके लिए पूर्व में ही प्रशिक्षित भी कर दिया गया है। पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 2500 डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी दी गई, इसके लिए युवा मितान क्लब के द्वारा सर्वे भी किया जाएगा छूटे के पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता के लिए यह होंगी पात्रता की शर्तें बेरोजगारी भत्ता के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। 1 अप्रैल को आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के लोग अप्लाई कर पाएंगे। 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। 1 अप्रैल को 12वीं या उससे उच्च योग्यता में 2 वर्ष पुराना जीवित रोजगार पंजीयन होना जरूरी है। स्वयं के आय का कोई स्त्रोत नहीं होना चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय रुपये 250000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। कैसे करें बेरोजगारी भत्ता के लिए अप्लाई बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। वेब पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है। मोबाइल नंबर इसके लिए अनिवार्य होगा तथा मोबाइल नंबर पर ओटीपी से सत्यापन किया जाएगा। आधार कार्ड भी अनिवार्य है तथा बैंक खाता की जानकारी डीबीटी के लिए देनी होगी। निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता जरूरी है। विवाहित महिलाएं पति के निवास प्रमाण पत्र के आधार पर पता दे सकती है।

## पूर्व नपाध्यक्ष देव चंद्रवंशी को क्षेत्र के लोगों ने जन्मदिन की बधाइयां दी



**कवर्धा, 4 अप्रैल।** पूर्व क्वार्धा नपाध्यक्ष श्रीमती देव कुमारी चंद्रवंशी को फोन पर जन्मदिन की बधाइयों का तांता लगा रहा और निवास पर पहुंचकर लोगो ने बधाई देते हुए कहा की आप जियो हजारों साल और आप हमेशा खुश रहे ।

## महापौर एवं निगम आयुक्त ने जीपीएस से लैस नए वाहनों को किया रवाना



**भिलाई, 4 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए। एजेंसी अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 20 नए वाहनों की खरीदारी की गई है। इन सभी वाहनों को आज निगम मुख्य कार्यालय से महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू तथा एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर कचरा कलेक्शन किए सभी जोन क्षेत्रों की ओर रवाना किया। स्वच्छता की वाहन आवासीय तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम करेगी। घरों तथा बाजार क्षेत्रों से सूखा कचरा तथा गीला कचरा शत प्रतिशत एकत्र करने के लिए इस वाहन को भिलाई निगम क्षेत्र के लिए लाया गया है। इसके चलते सफाई व्यवस्था में और भी सुधार आने की संभावना बढ़ गई है। नई एजेंसी ने आते ही मास क्लीनिंग पर विशेष जोर दिया है, बहुत पुराने डंप कचरे को भी हटाया जा रहा है, नालियों की सघन सफाई की रही है तथा जीवीपी पॉइंट समाप्त किया जा रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता भी लाई जा रही है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि लोगों के इसी प्रकार के सहयोग से भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आएगा इसके लिए उन्होंने आमजन से अपील भी की है, ताकि भिलाई को सफाई के पहले पायदान पर लाया जा सके। स्वच्छता की इन वाहनों की खासियत यह है कि यह वाहन जीपीएस सिस्टम से लैस है, सभी वाहनों में स्वच्छता संदेश प्रसारित करने के लिए स्पीकर की व्यवस्था है, हेल्पलाइन नंबर तथा व्हाट्सएप नंबर भी कचरा कलेक्शन से संबंधित समस्याओं के लिए दिए गए हैं, घातक कचरे तथा सेनेटरी पैड आदि के लिए अलग से बॉक्स दिया हुआ है तथा इसे खोलने और बंद करने के लिए भी पृथक से सुविधा इस वाहन में मौजूद है। यह सभी वाहन निगम के चारो जोन में आज से कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम प्रारंभ कर देगी। एजेंसी ने इन वाहनों को खुद के खर्चे पर खरीदा है। वाहनों को रवाना करने के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, महापौर के निज सचिव वसीम खान, अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग

पापी पेट का सवाल...



## ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दलालों के खिलाफ अभियान

**भिलाई, 4 अप्रैल।** रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों के निर्देश पर टीआई क्राइम ब्रांच हेमलता भास्कर के नेतृत्व में रेलवे आरक्षण ई-टिकटों के अवैध कारोबार/बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया। ईशु कंप्यूटर और लोक सेवा केंद्र पाटन में ई-टिकटिंग दलालों के खिलाफ अभियान में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसका नाम है- संजय कुमार चैपल, उम्र- 39 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय पुनाराम, निवासी गांव-सोरम थाना-पाटन। । कुल 89 नग जब्त ई-टिकट तत्काल और सामान्य, 02 नग फ्यूचर जर्नी ई-टिकट सहित रु. 3665.70/- और 87 नग पास्ट जर्नी ई-टिकट मूल्य रु. 1,25,660.25/- कुल मूल्य रु. 1,29,325.95/, उनके 02 व्यक्तिगत यूजर आईडी से आर्येषु, प्रकाश, आगे आरोपी व्यक्ति को जब्त संपत्ति के साथ आरपीएफ पोस्ट/दुर्ग को सौंप दिया गया, जहां रेल अधिनियम 143/179 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना,बारह जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 अप्रैल।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुकदुर के तत्वाधान में पिछले दिनों ग्राम कामठी के मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत बारह जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पण्डरिया विधायक ममता चन्द्राकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री तुलस कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पण्डरिया, श्री महेश चंद्रवंशी सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने उपस्थित होकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

पण्डरिया विधायक ममता चन्द्राकर ने कहा गया कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने व उत्साहवर्धन के लिए अगले सत्र से योजना की राशि 25 हजार से 50 हजार रूपए कर दी गई है। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। परियोजना अधिकारी श्रीमती कृतिका सिंह ने बताया कि योजना के प्रति जन समुदाय का रूझान प्रतिवर्श बढ़ता जा रहा हैं। इस आयोजन के साथ पंडरिया विकासखण्ड में कुल 193 जोड़ों को योजना से लाभांवित किया गया हैं। कार्यक्रम में श्री ललित धुर्वे, श्री संतराम धुर्वे, श्री रामकुमार ठाकुर, श्री लव पटेल, श्री शिव गुप्ता, श्री कमल पटेल, श्री भुपेन्द्र पटेल ने शामिल होकर शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का मंच संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती कविता कश्यप ने किया। पर्यवेक्षक श्रीमती अनिता बंजारा एवं श्रीमती दिव्या जायसवाल ने सहयोग प्रदान किया।

# अधिकारियों के अवकाश पर होने पर भी कार्य प्रभावित न हो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई में जरूरी कार्यों में लगे अधिकारी के अवकाश पर होने पर कार्य प्रभावित न हो इसके लिए लिंक अधिकारी की नियुक्ति निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कर दी है। इस आदेश के मुताबिक जितेंद्र कुमार ठाकुर लेखाधिकारी के लिंक अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी होंगे। जन सूचना अधिकारी शरद चावड़ा के लिंक अधिकारी सहायक जन सूचना अधिकारी अरुण सिंह होंगे। पीसी सार्वा जनसंपर्क अधिकारी के लिंक अधिकारी के रूप में शरद दुबे प्रभारी अधिकारी कार्य करेंगे। हिमांशु देशमुख भवन निर्माण अधिकारी के लिंक अधिकारी के रूप में शरद चावड़ा सहायक अभियंता जिम्मेदारी संभालेंगे। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के लिंक अधिकारी के रूप में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक केके सिंह काम करेंगे। दीप्ति साहू प्रोग्रामर के लिंक अधिकारी के रूप में तपन अग्रवाल प्रभारी अधिकारी कंप्यूटर कार्य करेंगे। तपन अग्रवाल प्रभारी अधिकारी कंप्यूटर एवं नोडल लोक सेवा गारंटी, निदान 1100, ई गवर्नेंस के लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता प्रकाश मिश्रा काम संभालेंगे। तपन अग्रवाल सहायक नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं पीएम गति शक्ति योजना के लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता आरएस राजपूत कार्य देखेंगे। अजय शुक्ला प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास पेंशन शाखा समाज कल्याण विभाग के लिंक अधिकारी के रूप में प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन को नियुक्त किया गया है। विद्याधर देवांगन प्रभारी अधिकारी आवास, गुमटी, दुकान के अवकाश में होने पर अजय शुक्ला काम देखेंगे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू के अवकाश में होने पर जेपी तिवारी जोन सहायक राजस्व अधिकारी कार्य देखेंगे। जेपी तिवारी जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 2 के अवकाश में होने पर धीरज साहू जोन सहायक राजस्व अधिकारी का कार्य देखेंगे। अनिल मेश्राम जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 3 के अवकाश में होने पर बालकृष्ण नायडू जोन सहायक राजस्व अधिकारी का काम संभालेंगे। बालकृष्ण नायडू जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 4 के अवकाश में होने पर अनिल मिश्रा जोन सहायक राजस्व अधिकारी काम देखेंगे। मलखान सिंह सोरी जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5 के अवकाश में होने पर अनिल मेश्राम जोन सहायक राजस्व अधिकारी काम देखेंगे। अनिल मिश्रा जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 2 के अवकाश में होने पर अंकित सक्सेना जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी का कार्य देखेंगे। अंकित सक्सेना जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 1 के अवकाश में होने पर अनिल मिश्रा जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी काम देखेंगे। राजेंद्र कुमार तिवारी जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 3 के अवकाश में होने पर महेश कुमार पांडे जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी का कार्य देखेंगे। महेश पांडे जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 4 के अवकाश में होने पर वीके सैमुअल जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी इनका काम देखेंगे। वीके सैमुअल जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 5 के अवकाश में होने पर राजेंद्र कुमार तिवारी जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी का काम देखेंगे। अधिकारियों के अवकाश में होने पर किसी भी तरीके से कार्य प्रभावित न हो इसको देखते हुए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आदेश जारी किया है।

### हत्या का आरोपी अब तक फरार

**भिलाई।** भिलाई नगपुरा में छह माह के बच्चे की हत्या करने वाले आरोपित अभी भी पुलिस की गिरफ्त के बाहर हैं, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ये बात प्रमाणित हो गई है कि हत्यारे ने मासूम को तड़पा तड़पाकर मारा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत का कारण डूबने से होने की पुष्टि हुई है। इसका मतलब ये है कि आरोपित ने बच्चे को घर से चोरी करने के बाद उसे जीवित अवस्था में ही तालाब में फेंक दिया था। हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों के साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ की है, लेकिन किसी से भी कोई सुराग नहीं मिला है। जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाया जा सके ।

# नर्स की लापरवाही से नवजात की मौत,परिवार का आरोप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 अप्रैल।** भिलाई सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में नर्स की लापरवाही से एक नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है नर्स ने क्रिटिकल केस होने के बाद भी जबरदस्ती नॉर्मल डिलीवरी करनी चाही। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जांच करने की बात कही है मिली जानकारी के अनुसार भिलाई तीन चरोदा वार्ड 27 निवासी उमेश कुमार रवानी ( 38 साल ) ने बताया कि उसकी पत्नी संतोषी रवानी को बच्चा होना था। उसने उसे 29 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया था। सभी जांच के बाद डॉक्टरों ने संतोषी को प्रसूता वार्ड में एडमिट कर लिया। 30 मार्च की रात अचानक संतोषी को लेबर पेन होने लगा। जब नर्स को बुलाया गया तो वह चिल्लाने लगी। नर्स का कहना था कि उसकी शिफ्ट खत्म हो गई है। घरवालों ने दबाव बनाया तो नर्स उसे ओटी ले गई। वहां उसने उसे दर्द के इंजेक्शन लगाए और जबर्दस्ती नॉर्मल डिलीवरी कराने की कोशिश करने लगी। बच्चे के गले में नाल फंसी होने के चलते उसका दम घुटने लगा और वह पेट के अंदर ही मर गया। जब बच्चा मृत पैदा हुआ तो नर्स ने तुरंत उसे दुर्ग अस्पताल रेफर कर दिया वहीं, सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. स्वामी देव भूपेंद्र ने बताया कि सोनोग्राफी के हिसाब से महिला की 16 अप्रैल डिलीवरी डेट थी, लेकिन बच्चे दानी का मुंह खुलने से डिलीवरी करानी पड़ी डिलीवरी के समय बच्चा जिंदा था लेकिन संभवत पेट में ही बच्चे के मुंह में पानी चला गया होगा, इसके चलते उसकी मौत हो गई ।

### बीएससी सेकंड ईयर कर रही छात्रा ने आत्महत्या कर ली

**भिलाई।** पद्मनाभपुर टीआई राजीव तिवारी ने बताया कि बालोद जिला के डौंडी ब्लॉक की रहने वाली केमलता मंडावी ( 21वर्षीय ) विज्ञान विकास केन्द्र में रहकर बीएससी पार्ट 2 की पढ़ाई करती थी। थाने में रविवार सुबह 9 बजे फोन आया था कि केमलता मंडावी ने कुछ खा लिया है। उसे 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव पीएम करने के बाद परिजनों को सौप दिया है टीआई तिवारी ने बताया कि मृतका के आत्महत्या मामले में हॉस्टल में रह रहे बच्चों से भी पूछताछ की जा रही है 9 साल पहले भी हुई थी घटना बताया जाता है कि छात्रावास में किसी छात्रा द्वारा आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। वर्ष 2014 में भी इसी तरह की घटना हुई थी गौरतलब हो कि विज्ञान विकास केन्द्र में करीब 500 छात्राएं रहकर विभिन्न कॉलेजों में पढ़ाई करती है तथा इन छात्राओं के ठहरने व अध्यापन का खर्चा शासन वहन करती है वर्तमान में 456 छात्राएं इस विज्ञान विकास केन्द्र में अध्ययरत हैं।



## पुलिस ने वाहन चोरी मामले के 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** विवरण इस प्रकार है कि आवेदक विष्णु साहू पिता वैशाखु राम उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम भटट दिनांक 30.03.2023 राम नवमी पर्व में जवारा विसर्जन देखने के लिये ग्राम करेला में दोपहर 01ः00 बजे आया हुआ था, प्लेजर गाड़ी के सीजी 07-एलआर 6332 को अपने ससुराल घर के सामने रोड किनारे खड़ा कर जवारा विसर्जन करने तालाब गया था। शाम 04ः00 बजे वापस आकर देखा तो गाड़ी नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने से आस-पास क्षेत्र में पता- तलाश करने पर नहीं



मिलने से रिपोर्ट पर थाना रानीतराई में अपराध कर्मांक 34 / 2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदेही आरोपी नागेश यादव पिता ईश्वर यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भन्सुली (आर) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि रामः नवमी के दिन करेला गया था. रोड किनारे गाड़ी खड़ी हालत एवं चाबी लगा हुआ में मिलने से गाड़ी चोरी कर अपने कब्जे में रखना एवं बिकी करने के लिए ग्राहक की तलाश करना बताए आरोपी के कब्जे से चोरी किए हुए प्लेजर वाहन को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने शपथ ली



**कवर्धा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यूथ क्लब कवर्धा का शपथ ग्रहण शनिवार को सभी वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ इससे पहले यूथ क्लब के पूर्व अध्यक्षों धनसुख पटेल गौतम लूनिया महेश खुराना संजय देसाई जसविंदर बग्गा का सम्मान किया गया उसके बाद क्लब के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष धनसुख पटेल द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलवीर खनूजा को शपथ दिलाई गई फिर नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई पूर्व अध्यक्ष धनसुख पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में क्लब को नई ऊंचाई तक ले जाने की बात कही और मिलजुल कर कार्य करने को कहा अंत में क्लब के सचिव जसवंत छाबड़ा ने पहुंचे हुए सभी वरिष्ठ जनो व क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया । उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा को सदस्यो ने उपाध्यक्ष बनने पर दी और उपाध्यक्ष ने भी अध्यक्ष सहित सभी सदस्य को बधाई दी ।

### सीएम भूपेश की नीतियों से किसानों में हर्ष:लक्की चंद्रवंशी

**कवर्धा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने महंगाई के सवाल पर कहा की देश में लगातार एल पी जी की एक हजार रुपया से ज्यादा कीमत होने पर छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों में गरीब और मध्यवर्गीय परिवार गैस सिलिंडर नही भरा पा रहे है । एक हजार रुपया से अधिक लगता है लोगो को फिर किसान कैसे भराएंगे गैस सिलिंडर गांवों में किसान गैस चूल्हा में भोजन नहीं बना पा रही है । केंद्र सरकार महंगाई रोकने पर ध्यान नहीं दे रही है । छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल की तारीफ करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में किसानों की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई है । किसानों से बीस क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का फैसला एतिहासिक है और किसानों के चेहरे पर खुशी का माहौल है ।



एक नजर

## महापौर ने दी महावीर जयंती की बधाई

**राजनांदगांव ,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख जैन समुदाय के लोगों एवं नागरिको को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महावीर स्वामी अहिंसा और त्याग की मूर्ति थे, हमें उनके द्वारा बताये पॉच प्रमुख सिद्धांतों को आत्मसात करना है और उनके सिद्धांतों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना है। निगम अध्यक्ष श्री हरिनाराण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, राजेश गुप्ता चम्पू,वरिष्ट सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों व नामांकित पार्षदों ने नागरिकों को महावीर जंयती की बधाई देते हुये, महावीर स्वामी के बताये मार्गो पर चलकर उमंग एवं उल्लास के साथ जयंती मनाने की अपील की है।

## संपत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लें:आयुक्त

**राजनांदगांव ,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी ने नागरिकों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान कर छुट का लाभ लेने की अपील की है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जावेगा। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इसी प्रकार 1 अगस्त 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक 0 प्रतिशत छुट दी जायेगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग की अपील की है।

## कांग्रेस नेताओं का चेहरा कोयले की कालिख से पुता हुआ है : बृजमोहन

**रायपुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने ईडी के छापों को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार पत्रकार वार्ता लेकर सत्ताधारी कांग्रेस नेताओं द्वारा ईडी की कार्रवाई को पूर्वाग्रह और खुद को निर्दोष बताना उनकी बेचैनी प्रदर्शित कर रहा है। इस दौरान उनकी भाव भंगिमा और माथे की शिकन बता रही है कि दाल में जरूर कुछ काला है।पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहले से ही कह दिया था कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। यही वजह है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां पूरी निष्पक्षता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़े हुए हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी लोगों के घर में ईडी की कार्रवाई, ईडी के छापे उनकी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस सत्ता में आई हैं उसके द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार खुली आंखों से हर कोई देख रहा है। विकास का नामोनिशान नहीं है परंतु उस विकास के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए डकारे जा चुके हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर रायपुर शहर में ही हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है। जल जीवन मिशन, अमृत मिशन, गौठान योजना, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेत ,कोयला, ऐसा कोई विभाग, ऐसी कोई योजना नहीं है, जिसमें भ्रष्टाचार न हुआ हो। विधानसभा में भी हमने कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, इनको जवाब देते नही बन रहा था । बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दोमुंही बात करती है और जनता को बरगलाने की कोशिश में रहती है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का बढ़ा दायरा

**रायपुर,4 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का विस्तार ग्राम पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ नगर पंचायतों एवं अनुसूचित क्षेत्र की नगर पालिकाओं में किया गया है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश में इस योजना के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटाएन्ट्री का कार्य करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। समय-सारणी के अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2023 तक, तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2023 तक, आवेदनों की स्वीकृति/अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्राम सभा/सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण की तिथि 14 मई 2023 तथा अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री नीलम नामदेव एक्का ने समस्त कलेक्टर, जिला पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत तथा नगर पालिका को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऑनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना प्रेषित कर समय-सारणी के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

**हितग्राही परिवार की पात्रता**-इस योजना की पात्रता केवल छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों को होगी। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में निवासरत् भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार जिनके पास कृषि भूमि नहीं है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि तथा वन अधिकार प्रमाण पत्र से प्राप्त भूमि को कृषि भूमि माना जाएगा। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत पात्र होंगे। परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामायिक भत्ता, आर्थिक सहायता अन्य योजना में प्राप्त कर रहे हों, पात्र नहीं होंगे।

**भूमिहीन कृषि मजदूर**- ऐसा व्यक्ति जो कोई कृषि भूमि धारण नहीं करता और जिसकी जीविका का मुख्य साधन शारीरिक श्रम करना है और उसके परिवार का जिसका की वह सदस्य है, कोई सदस्य किसी कृषि भूमि को धारण नहीं करता है। कृषि भूमिहीन परिवारों की सूची में से परिवार के मुखिया के माता या पिता के नाम से यदि कृषि भूमि धारित है अर्थात् उस परिवार को उत्तराधिकार हक में भूमि प्राप्त करने की स्थिति होगी, तब वह परिवार भूमिहीन परिवार की सूची से पृथक् हो जाएगा। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि, कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी। अपंजीकृत परिवारों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उक्त परिवार के द्वारा पात्रता अनुसार नवीन आवेदन योजनांतर्गत प्रस्तुत किया जाना होगा। यदि पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया के द्वारा असत्य जानकारी के आधार पर अनुदान सहायता राशि प्राप्त की गई हो, तब विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त राशि उससे भू-राजस्व के बकाया के रूप जाएगी। योजना के हितग्राही के पास 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में निर्धारित पात्रता होनी चाहिए।

**हितग्राही परिवारों का पंजीयन**-योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही परिवार को आवश्यक दस्तावेज यथा- आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सचिव ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा। अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका में स्थित आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया के आवेदन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत के समक्ष आवेदन करेंगें। आवेदन में मोबाईल नंबर का भी उल्लेख करना होगा।

## भ्रष्टाचार के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, दो वेतन वृद्धि रोकने के साथ ही वसूली का आदेश

- तत्कालीन सीएमओ एवं उप अभियंता भ्रष्टाचार का दोषी
- मामला सिहावा रोड गुढ़ियारी तालाब के पास बनाए गए प्रवेश द्वार निर्माण का

**नगरी ,4 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**




नगर विकास के नाम पर ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाए गए नगरी को लगभग 15 वर्ष हो गया है इन वर्षों में नगर का विकास तो नहीं हुआ लेकिन अधिकारी और कुछ जनप्रतिनिधियों का विकास जरुर हुआ है इन 15 वर्षों में जितने भी विकास कार्य हुए है उसके कार्य स्थल पर भौतिक सत्यापन किया जाए तो जमीनी हकीकत की सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी उल्लेखनीय है कि सिहावा मार्ग के गुढियारी तालाब के पास प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया था जिसका टेंडर 7/11/2015 को बुलाया गया था जिसमें चार ठेकेदारों ने भाग लिया इसका टेंडर सेमरा के श्रृंगी ऋषि कंट्रेक्शन को मिला था जिसमें नगरपंचायत के तत्कालीन अधिकारियों ने ठेकेदार को फायदा पहुंचाते हुए खूब भ्रष्टाचार किया जिसकी शिकायत पूर्व पार्षद विक्की खनूजा द्वारा जिलाधिकारी धमतरी एवं मंत्रालय में नगरी प्रशासन विभाग के संचालक को किया था तत्पश्चात शासन द्वारा नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मामले की जांच कराने आदेशित किया था इस पर चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच करवाई गई



जांच प्रतिवेदन में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य में ठेकेदार को लाभ पहुंचाने 6.11435 रु छः लाख ग्यारह हजार चार सौ पैंतीस रुपये की राशि आहरण किया गया था जबकि निर्माण कार्य का मूल्यांकन 5.35761 पांच लाख पैंतीस हजार सात सौ इकसठ रूप खर्च कर 11 लाख 47 हजार 196 रूपए निकाल लिया गया जिसमें तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष कुमार पात्रे एवं उप अभियंता कमलेश कुमार साहू को दोषी पाया गया, शिकायत कर्ता पूर्व पार्षद ने अधिवक्ता मनोज ठाकुर के माध्यम से छत्तीसगढ़ लोक आयोग रायपुर में केस फाइल किया था जिस पर दिनांक 17 /3/ 2023 को जस्टिस टीपी शर्मा प्रमुख लोकायुक्त छत्तीसगढ़ शासन लोक आयोग रायपुर द्वारा दोनों अधिकारी को भ्रष्टाचार में लिप्त पाया और दोनों को दोषी करार देते हुए उनकी सेवा पुस्तिका में टिप्पणी दर्ज करके आर्थिक क्षति की राशि का 50 प्रतिशत अर्थात 3.057.17 वसूली 12500 के मासिक किस्त के हिसाब से 25 किस्तों में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है,इस फैसले के विरुद्ध अधिकारी मनीष कुमार पात्रे ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दाखिल किया था जिसे माननीय न्यायालय ने खारिज कर दिया

दोषी अधिकारियों के 2 वेतन वृद्धियां तत्काल प्रभाव से रोकने एवं निकाय को पहुंचाएं गई आर्थिक क्षति की राशि 611432 की समान रूप से वसूली संबंधी दंड आदेश को यथावत रखा गया है, न्यायालय द्वारा दंडित करने के आदेश का नगरवासियों ने स्वागत करते कहा है कि यह नगर विकास का पैसा था जिसका तत्कालीन अधिकारियों के द्वारा दुरुपयोग किया गया ऐसे कार्य वाही होने से भविष्य में आम जनता की राशि का दुरुपयोग नहीं होगा और अधिकारियों की मनमानी पर रोक लगेगी

## जय भारत सत्याग्रह आंदोलन में युवा कांग्रेस ने भरी हुंकार

### प्रदेशभर से प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे एक लाख से अधिक पोस्टकार्ड

**रायपुर,4 अप्रैल ,4 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आज रायपुर के राजीव भवन में एक नए अभियान को लेकर प्रेस वार्ता की गई इस अभियान में प्रदेश के 90 विधानसभाओं में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा इस पोस्टकार्ड अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रदेश के युवा पोस्ट के माध्यम से तीन महत्वपूर्ण सवाल पूछेंगे और युवा कांग्रेस द्वारा 90 विधानसभाओं में एक लाख से अधिक पोस्टकार्ड युवाओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवास भेजा जाएगा। पुशकार्ट में पूछे जाने वाले तीन महत्वपूर्ण सवाल।। अडानी ने अब तक बीजेपी को




कितने करोड़ का फंड दिया है?आपके आधिकारिक विदेश दौरे के बाद अडानी को कितने ठेके मिले?कृपया हमें भी वह सूत्र बताएं जिनकी बदौलत आपका प्रिय मित्र दुनिया में 609 स्थान से 8 वर्षों में दूसरे सबसे धनी व्यक्ति बना? प्रदेश अध्यक्ष आकाश आकाश शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार देश में आज लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है इसका एक उदाहरण हमारे नेता राहुल गांधी जब भी संसद में अडानी को लेकर सवाल पूछते थे तो उनके माइक को बंद कर दिया जाता था और उन्हें बोलने नहीं दिया जाता था अब एक झूठे मामले में फंसा कर राहुल गांधी की सदस्यता भी रद्द कर दी गई आज प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत 90 विधानसभाओं में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी युवाओं के पास जाकर उनके नाम नंबर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तीन सवाल पूछेंगे और 90 विधानसभाओं में एक लाख से अधिक पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे जाएंगे यह अभियान 25 दिनों तक पूरे प्रदेश में चलेगा। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा खनिज विभाग अध्यक्ष गिरीश देवांगन प्रदेश प्रवक्ता धनंजय ठाकुर प्रदेश महामंत्री अनिमेष सिंह महासचिव भावेश शुक्ला प्रदेश समन्वयक तुषार गुहा मुख्य समन्वयक शान मोहम्मद प्रदेश सचिव अमिताभ घोष प्रीति सिंह संभाग संयोजक लक्षित तिवारी विधानसभा उपाध्यक्ष अजय साहू आदि।।

## दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, मतलब हम भगवान की ही सेवा कर रहे :रतनलाल डांगी

- 00 ऊंची उड़ान की ओर आगे बढ़ रहे है अब अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चे - प्रमोद दुबे
- 00 पुरातत्वीय मूर्ति निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, बच्चों को प्रदान किया प्रमाण पत्र



**रायपुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर-1, बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में पुरातत्वीय मूर्ति निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग ने स्कूल के मूक-बधिर विद्यार्थियों को आर्टिस्ट संजय झरबड़े के माध्यम से प्लास्टर कास्ट मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्कूल परिसर में आज ओपन जिम का लोकार्पण भी हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस रतनलाल डांगी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे बच्चों में ईश्वर है और हर व्यक्ति भगवान है और यहां जितने भी बच्चें है वे सभी भगवान के रूप है। यदि हम इन दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि हम भगवान की ही सेवा कर रहे है। इस दुनिया में जितने भी लोग है उनमें कोई न कोई क्वालिटी जरुर होती है बिना क्वालिटी के वह इस दुनिया में आ ही नहीं सकता। कुछ न कुछ वह लेकर जरुर आता है। यदि किसी में शारीरिक क्षमता है तो किसी में बौद्धिक क्षमता पाएंगे। रायपुर नगर निगम के सभापति व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम कहते थे कि सभी बच्चों में किसी न किसी प्रकार का हूनर जरुर होता है बस उसे तराशने की जरुरत होती है। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चे अब ऊंची उड़ान की ओर आगे बढ़ रहे है। इन बच्चों के बीच जब समाज के प्रतिष्ठित लोग यहां पहुंचकर प्रोत्साहित करते है तो ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रहने वाले इनके माता-पिता, भाई-बहन बहुत खुश होते है। स्वंय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने जन्मदिन पर इन बच्चों के साथ पौन घंटा व्यतीत कर चुके हैं। हम इनके स्कील डेवलपमेंट का भी काम करत हैं ताकि भविष्य में इन बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या या दिक्कत न हो। यहां के बहुत सारे बच्चे फेसबुक का भी इस्तेमाल करते है और समय के हिसाब से अपने आप को अपडेट रखते है। डा. राकेश पांडेय, डा. रुचिरा पांडेय, डा. देव मिश्रा इन बच्चों की हियरिंग और स्पीच थेरेपी पर विशेष ध्यान रखते है। इस स्कूल में ऐसी शिक्षिका है जो बोल और सुन नहीं सकती लेकिन बच्चों के पढ़ाई - लिखाई में कोई कसर नहीं छोड़ती। श्री दुबे ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि दो बच्चों ने स्कूल का टॉयलेट रुम अंदर से लॉक कर दिया और स्कूल प्रबंधन सहित पूरा स्टॉफ यह सोचने में लग गया कि ये बच्चे न तो सुन सकते है और न ही बोल सकते है तब उन्हें यहां से बाहर कैसे निकाले। जब डा. राकेश पांडेय को फोन पर सूचना दी गई तो वे तत्काल पहुंचे और और पेपर को अंदर घुसाया और दो बार हिलाने के बाद बच्चों ने दरवाजा खोल दिया। इसका यह तात्पर्य है कि चाहे मुसीबत कितनी भी बड़ी हो लेकिन अपनी बुद्धिमता से उसे हल किया जा सकता है।

ईश्वर जब कोई चीज देता है तो उनके लिए रास्ता भी बनता है। उन्होंने कहा कि बहुत से सामाजिक संगठनों ने बच्चों को गोद ले रखा है तो हमें एहसास ही नहीं होता कि हम इन बच्चों के लिए क्या करें। लड़कियों के लिए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है और आने वाले समय में इन बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए एक नया कॉलेज भी खोले जाने की योजना है।

विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित स्वास्तिक ग्रुप ऑफ रायपुर के चेयरमेन नरेन्द्र अग्रवाल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यहां आकर आत्म संतुष्टि मिली है, इन बच्चों के हौसले और सिखने के जज्बा ने प्रभावित किया है। मुकबधिर बच्चों की शिक्षा और स्कील डेवलपमेंट के लिए समिति जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। मुझे आने पर यह जानकारी मिली कि इस स्कूल में कैश काउंटर नहीं है जो एक बहुत बड़ी बात है। जो भी सहयोग इस स्कूल परिवार के लिए कर पाए वह बहुत बड़ी बात है और वे इसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

इस मौके पर प्रशिक्षक संजय झरबड़े ने कहा कि उन्होने प्रशिक्षण शिविर में तो कई जगह हिस्सा लिया और सभी उम्र वर्ग के लोगों को प्रशिक्षित भी किया लेकिन अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण उनके लिए विशेष लम्हा था और पूरी जिंदगी इसे संजो कर रखेंगे।

जो जज्बा और जुनून इन बच्चों में मैने देखा है वे निश्चित रूप से अपने हौसले के बल पर बहुत आगे जायेंगे। इस अवसर पर अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर डा. राकेश पांडेय, कोषाध्यक्ष श्री विरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला व स्कूल स्टाफ के साथ अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा छाबड़ा ने किया।

## धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** दिनांक 09.10.2022 को प्रार्थी रामा साहू पिता स्व0 बृजलाल साहू उम्र 62 साल साकिन कचनबाग ने थाना कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया इसका चिखली स्थित खसरा नं. 394/27,394/28,394/29 कुल रकबा



1.20 एकड जमीन चिखली में स्थित है जिसे प्रार्थी आर्थिक तंगी के कारण बेचने का निर्णय लिया माह फरवरी वर्ष 2022 को जमीन दलाल आरोपी रितेश गजभिये ,सज्जू सोनवानी निवासी महादेव नगर सोलह खोली के द्वारा प्रार्थी रामा साहू से संपर्क कर प्रार्थी को अपना छवि को बडा दिखाकर प्रार्थी को झासे में लेकर उक्त जमीन का एक करोड इक्यासी लाख में सौदा तय किया और दिनांक 21.02.2022 को प्रार्थी को रजिस्ट्री कार्यालय राजनांदगांव ले जाकर उक्त जमीन का रजिस्ट्री आरोपी रितेश गजभिये द्वारा कराया गया प्रार्थी के द्वारा तय सौदा का पैसा मागने पर आरोपीयो के द्वारा प्रार्थी को रकम घर में जाने के बाद देना बताकर प्रार्थी को अपने बोलेरो वाहन क्रमांक ब्ळ.08.।फ.1386 में बैठाकर आरोपी रितेष गजभिये ,सज्जू सोनवानी ,योगेश दियेवार,सोनू सोनवानी प्रार्थी को जबरदस्ती ठेलकाडीह ले जाकर प्रार्थी के कनपटी पर पिस्तौल व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी से एक्सीस बैक का तीन चेक में जबरदस्ती हस्ताक्षर कराकर तीन चेक जबरदस्ती रख कर प्रार्थी के साथ मारपीट कर किसी को बताने पर जान से खत्म कर देने की धमकी देकर प्रार्थी को ठेलकाडी सुनसान जगह पर छोडकर भाग गये। आज दिनांक को आरोपी रितेश गजभिये राजनांदगांव स्टेशन पारा में होने की मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर आरोपी रितेश गजभिये पिता राजकुमार गजभिये उम्र 33 साल साकिन वार्ड न. 14 गौरीनगर महादेव नगर ओपी चिखली को आज दिनांक 03.04.2023 के गिरफतार किया गया व आरोपी से घटना में प्रयुक्त वाहन ब्ळ.08.।फ.1386 जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा में प्रस्तुत किया गया हैं मामले में अन्य फरार आरोपीयो के गिरफतारी के पता तलाश जारी है।

## शिक्षा विभाग में रुपए मांगने के आरोप में बाबुओं पर आखिरकार हुई कार्यवाई

**मोहला,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिले के अम्बागढ़ चौकी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंबागढ़ चौकी में पदस्थ बाबुओं पर

- डीईओ ने जारी किया निलंबन आदेश
- 50 हजार रुपया मांगने का था आरोप
- आदेश आते ही विभाग में मचा हड़कंप


दस्तावेज सुधारने शिक्षा विभाग के बाबुओ पर पचास हजार रुपए मांगने का आरोप

एकब्वशिक्षक ने दस्तावेजी सुधार को लेकर लेनदेन करने का विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया था, जिस पर डीईओ कमल कपूर बंजारा 31 मार्च को आदेश निकालकर दोनों बाबुओ के लिए निलंबन आदेश निकाला है।

तरुण छत्तीसगढ़ अखबार में शीर्षक दस्तावेज सुधार करने शिक्षा विभाग के बाबुओं पर लगा 50 हजार रुपए मांगने के आरोप को लेकर खबर प्रकाशन की गई थी जिस पर डीईओ ने बाबू के खिलाफ निलंबन का आदेश निकाला है जिससे विभाग में काफी हलचल मच गई है, डीईओ ने उक्त कृत्य करने वाले बाबू के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत पाए जाने के कारण छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी किया है।

## बेरोजगारी भत्ता का लाभ लें युवा:हेमा

**राजनांदगांव ,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर के बेरोजगार युवक व युवतियों से बेरोजगारी भत्ता योनजा का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को उनके केरियर बनाने की राह में आने वाली आर्थिक कठिनाई को दूर करने बेरोजगारी भत्ता देने की योजना सरकार ने शुरू की है, जिसमें बेरोजगारों को 2 हजार 5 सौ रूपया प्रतिमाह दिया जायेगा। बेरोजगारी भत्ता के पंजीयन के लिये 1 अप्रैल 2023 से पोर्टल प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में किसी भी दिन बेरोजगारी भत्ता के लिये पंजीयन करने पर पात्र हितग्राही को 1 अप्रैल 2023 से ही बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जायेगा। बोरोजगारी भत्ता का पोर्टल सातों दिन चौबिस घण्टा खुला रहेगा। आवेदक अपनी सुविधा अनुसार कभी भी किसी भी स्थान से ऑनलाईन पोर्टल में आवेदन कर सकते है। अपने मोबाईल अथवा नजदीकी च्वाईस सेंटर के माध्यम से भी पोर्टल में आवेदन कर सकते है। सभी दस्तावेज अपलोड होने के पश्चात पात्रतानुसार बेरोजगारी भत्ता मिलना प्रारंभ हो जायेगा।

## सोसायटी की बैठक में कई अहम निर्णय किए गए

**रायपुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** सहयोग एक कोशिश वेलफेयर सोसाइटी की आज 2 अप्रैल 2023 सामान्य बैठक बुलाई गई जिसमे संस्था के सभी सदस्य शामिल हुए । इस बैठक में सर्वप्रथम संस्था द्वारा पूर्व किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी सहयोग एक कोशिश के अध्यक्ष श्री बसंत बागरेचा जी एवंउपाध्यक्ष श्री अविनाश शुक्ला जी द्वारा दिया गया । संस्था कीसचिव श्रीमती मोनिका बागरेचा जी ने आज के बैठक के महत्वपूर्ण विषयों से सभी सदस्यों को अवगत कराया ।आज के बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय ये लिया गया -1. सहयोग एक कोशिश वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मेडिकल कैंप आयोजित किया जायेगा जिसमें कैंसर, ई एन टी एवं दंत चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया जायेगा ।2. संस्था द्वारा चिन्हित जगहों पर वृक्षारोपण कर उसकी देख रेख का जिम्मा लिया जायेगा ।3. ऐसे बच्चे जो किन्ही करणों से शिक्षा से वंचित हैं उन्हे सहयोग एक कोशिश के द्वारा शिक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी । सर्वप्रथम इसके लिए दस बच्चों का चयन किया जायेगा ।4. स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षरण से अवगत कराने के लिए स्कूल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना ।इसके साथ ही आज 8 नये लोगों ने सहयोग एक कोशिश वेलफेयर सोसाइटी कि सदस्यता प्राप्त की और सभी वर्तमान और नये सदस्यों ने स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने की शपथ ली ।सहयोग एक कोशिश के द्वारा श्री चंदू जंघेल को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया जिसके लिए उन्होंने संस्था का बहुत बार आभार व्यक्त किया ।सहयोग एक कोशिश वेलफेयर सोसाइटी से जुड़ने के लिए 9993783467 एवं 9424230162 पर सम्पर्क किया जा सकेगा ।आज के बैठक मे बसंत बागरेचा, अविनाश शुक्ला, यश जैन, सतीश जैन, दीप किशोर अग्रवाल, श्रीमती मोनिका बागरेचा, श्रीमती नीतू शुक्ला,रजनीकांत सिंह, नेमीचंद जैन, राज किशोर अग्रवाल, गुरदीप सिंह टुटेजा, जावेद खान, सुरेश साखरे, रामेश्वर यादव, आदेश ठाकुर, बिहारीलाल सिन्हा, प्रदीप मिश्रा, एवम अन्य उपस्थित थे ।



## एक नजर

### बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षित बेरोजगारों के लिए प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की गई है। बेरोजगारी भत्ता के पंजीयन का कार्य 01 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए पोर्टल की व्यवस्था भी की गई है। बेरोजगारी भत्ता हेतु पंजीयन के लिए पोर्टल उपलब्ध है। आवेदक इस पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत अब तक कुल 67 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इनमें से 50 आवेदकों को क्लस्टर स्तर पर दस्तावेज सत्यापन हेतु मैसेज उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर भेजा गया है। इन आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन 6 अप्रैल को उनके क्लस्टर में निर्धारित स्थल पर किया जाएगा। जिले में बेरोजगारी भत्ता हेतु 29 कलस्टर बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के मूल निवासी शिक्षित बेरोजगारों को प्रतिमाह 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का लाभ मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवाओं को प्रदान किया जाएगा, जिनका रोजगार पंजीयन न्यूनतम 02 वर्ष पुराना है। साथ ही परिवार की कुल वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होना चाहिए। इस योजना के तहत परिवार के एक सदस्य को ही बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता हेतु आवश्यक दस्तावेजों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास एवं आय प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, नवीनतम रंगीन फोटो जिले में किसी भी बैंक में बैंक खाता प्रस्तुत करना होगा। बेरोजगारी भत्ता हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद आवेदकों को भौतिक सत्यापन हेतु संबंधित क्लस्टर में अपने मूल अंकसूची और प्रमाणपत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होना होगा। भौतिक सत्यापन के पश्चात पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### आदिवासी युवा कार्यक्रम में जिले के 10 आदिवासी बच्चे हुए शामिल

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले 14 वें आदिवासी युवा कार्यक्रम अंतर्गत अति-संवेदनशील इलाके के 10 आदिवासी बच्चों (लड़कियॉ-04 एवं लड़के-06) ने कार्यक्रम में भाग लिया है। जिनको नेहरू युवा केन्द्र, दन्तेवाड़ा के सौजन्य से 18 मार्च 2023 को दन्तेवाड़ा पुलिस लाइन, कारली से अमृतसर (पंजाब) के लिए भेजा गया था। जिसमें सभी 10 आदिवासी बच्चों द्वारा कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लेने के उपरांत 31 मार्च 2023 को 111 बटालियन में आगमन हुआ उनसे यात्रा के दौरान प्राप्त की गई जानकारी के संबंध में प्रतिपुष्टि लिया गया जिसमे सभी प्रतिभागियों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने यात्रा के दौरान स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर, दुग्ध उत्पादन केन्द्र तथा अनेक मंदिरों का भ्रमण किया, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा वहां के संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखा। इस कार्यक्रम में 111 वीं वाहिनी, के0रि0पु0बल, के रोहिताष चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के दन्तेवाड़ा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को भारत के विभिन्न स्थानों की संस्कृति से परिचय कराने एवं उनको सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना है।

### पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री का दिया गया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 की तैयारी हेतु पी.पी.ई.एस. सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिया गया है। पी.पी.ई.एस. सॉफ्टवेयर में विभागवार अधिकारी/कर्मचारी की प्रविष्टि का कार्य 15 दिवस में अनिवार्यतः पूर्ण किया जाना है। पी.पी.ई.एस. सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री किए जाने हेतु जिला संयुक्त कार्यालय के प्रथम तल में 5 अप्रैल को समय 11ः30 बजे एवं समय दोपहर 3 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। पी.पी.ई.एस. सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण प्राप्त करने सभी निर्धारित दिवस व समय में उपस्थित होवे।

### रुचि की अभिव्यक्ति

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल।** जिला पंचायत कार्यालय का कैंटीन जिला मुख्यालय दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ह्र×रू) मॉडल के तहत संचालित किया जायेगा। कैंटीन संचालन एवं रखरखाव के उद्देश्य से भावी भागीदारों से रूचि की अभिव्यक्ति मांगी जा रही है। निविदा प्रारंभ की तिथि 31 मार्च 2023। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2023, समय दोपहर 2.00 बजे तक निविदा खोले जाने की तिथि 17 अप्रैल 2023 समय दोपहर 4.00 बजे तक। इस हेतु इच्छुक संस्थाओं/फर्म से मोहर बंद प्रपत्र में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध है ।

### सड़क दुर्घटना में मृतका के वारिस को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में श्री बली कर्मा की मृत्यु होने के फलस्वरुप मृतक की पत्नि श्रीमती कुमली कर्मा पति स्वर्गीय बली कर्मा साकिन मंझारपारा कासोली तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा व वाहन दुर्घटना में श्रीमती शांति पुजारी की मृत्यु होने के फलस्वरुप मृतिका की पुत्री कुमारी अजमती पुजारी पिता स्वर्गीय लक्ष्मण पुजारी साकिन कोण्ड्रोजी, जांगला, तहसील भैरमगढ़ जिला बीजापुर को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानसुार 25-25 हजार रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# मोदी सरकार की तानाशाही के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 4 अप्रैल।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा माननीय श्री राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता खत्म करने पर मोदी सरकार की तानाशाह रवैया को लेकर ब्लॉक स्तरीय मशाल जुलूस जिला अध्यक्ष श्री अवधेश गौतम जी के मार्गदर्शन में निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर मोदी सरकार के विरोध में नारे बाजी भी लगाए , दुनियां के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में,मोदी राज में आज भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता की आवाज़ उठाना गुनाह हो गया है, राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करने का यह हम पूरे घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्योरा आपके समक्ष रखते हैं। और अडानी की सेल कंपनियों मे रू 20, 0000 करोड़ या 3 बिलियन डालर हैं, यह पैसा कहा से आया है,ये मोदी अडानी से क्या रिश्ता है,और आज संसद में सच्चाई की आवाज़ उठाने पर संसद को बंद कर दिया जा रहा है। और सच्चाई को संसद में आवाज उठाने पर उनको सदास्यता खत्म किया जा रहा है। जुलुस में उपस्तित खाद्य आयोग के सदस्य विमल सुराना, मदरसा बोर्ड के सदस्य शकिल रिजवी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनकु राम लेकामी,ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचन्द सेठिया, अल्फ संख्याक जिला अध्यक्ष आशिफ रजा, मंगल यादव,रवीश सुराना, कसोली सरपंच लखमू राम, समलूर सरपंच राजो शोरी, मडाराम वेक ,लैंप्स अध्यक्ष रतनू ठाकुर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उमेश, पार्षद पप्पू ठाकुर, जीता साहू, चंदा नाग एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# 10 अप्रैल से निकायों के प्लेसमेंट कर्मी अपनी मांगों को लेकर रहेंगे तीन दिवसीय हड़ताल पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,4 अप्रैल।** नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की बैठक माई जी की बगिया में आयोजित की गई। जिसमें 10 अप्रैल से होने वाले जिला स्तरीय हड़ताल धरना प्रदर्शन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष देवीशंकर सैनी ने बताया कि इस बैठक में दंतेवाड़ा जिले के सभी नगरीय निकायों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल व बारसूर के सभी कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिसमें निर्णय लिया गया कि अपने विभिन्न मांगो जिनमे नगरीय निकायो से प्लेसमेंट और ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में समायोजन किया जाए, प्लेसमेंट कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए, निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक ना किया जाए इन सभी मांगों को लेकर जिला स्तर में होने वाली तीन दिवसीय 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक की हड़ताल में सभी निकायों के कर्मचारी शामिल रहेंगे। और इस समय प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाएं जैसे सफाई, पानी, बिजली बाधित रहेंगी। जिला अध्यक्ष देवी शंकर सैनी ने कहा कि कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, व विभिन्न केबिनेट मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा था लेकिन अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जबकि निकायों के अधिकतर महत्वपूर्ण काम प्लेसमेंट कर्मियों द्वारा ही किए जाते हैं। ऐसे में अब यह कर्मी हड़ताल को बाध्य है। हड़ताल के दौरान नगरीय निकायों में बिजली, पानी , सफाई जैसी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है , ऐसे में उन्होंने जनता से भी सहयोग करने की अपील की है ।

### ''हमर विधायक, हमर गांव म'' कार्यक्रम 7 अप्रैल तक

**कांकेर ।** संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी द्वारा कांकेर एवं नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में ''हमर विधायक, हमर गांव म'' कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत 04 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम चिंवराज और दोपहर 02 बजे से कोड़ेजुंगा में ''हमर विधायक, हमर गांव म'' कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।संसदीय सचिव श्री शोरी 07 अप्रैल शुक्रवार को 11 बजे से साल्हेभाट में जात्रा कार्यक्रम और दोपहर 01 बजे से मांदरी-किरगापाटी में पुल का भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# बूथ,सेक्टर व मंडल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से व्यापक चर्चा की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 4 अप्रैल।** दंतेवाड़ा ज़िले के बड़े बचेली में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता खत्म करने पर कार्यकर्ताओ ने भारी नाराजगी जताई और मोदी सरकार द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मोदी राज में आज भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता की आवाज उठाना गुनाह हो गया है, राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता को समाप्त करने का यह हम पूरे घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्योरा आपके समक्ष रखते हैं। आज संसद में सच्चाई की आवाज़ उठाने पर संसद को बंद किया जा रहा है। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओ में भारी नाराजगी है, मोदी सरकार और बीजेपी पर और आगे भी विरोध प्रदर्शन जारी रहने को कहा। और साथ में भूपेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई और इन योजनाओं को नगरीय क्षेत्र के निवासियों तक पहुँचाने को कहा गया। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने अपने सम्बोधन कहा कि कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फागुन मंडाई में देवी देवताओं के विदाई कार्यक्रम में पहुँचे थे जहाँ उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के गीदम में मेडिकल कालेज की स्थापना व एस डी एम कार्यलय खोले जाने की दी गई सौग़ातों के बारे में भी बताया।आगे बूथ, सेक्टर, ज़ोन अध्यक्षों को उनके क्षेत्रों में होने वाली परेशानियों के बारे में पूछा गया और जल्द ही निवारण करने का आश्वासन दिया। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जाये और उनकी परेशानी सुने,सरकार ने एक अप्रैल से 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया है अपने वार्ड के बेरोजगार युवा युवती का आवेदन जमा कराएं। कार्यक्रम को विधायक देवती कर्मा, एवं पीसीसी सदस्य छविंद्र कर्मा एवं तूलिका कर्मा व खाद्य आयोग के सदस्य विमल सुराना ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हम सभी को मिलकर करना है।में सभी को हमर माटी हमर कलेवा हमर तिहार किताब बाँटा गया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में जानकारियाँ दी गई है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं संसद प्रतिनिधि विरेंद्र गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति पूजा साव,महामंत्री सलीम रज़ा उस्मानी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा,बचेली ब्लॉक अध्यक्ष संतोष दुबे,इंटक के अध्यक्ष देवासीश पॉल, इंटक के सचिव आशीष यादव, तपन दास, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, इंदिरा ठाकुर,किरण जायसवाल, जुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जीएस कुमार झाड़ी, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचन्द सेठिया, कुआकोंडा ब्लॉक अध्यक्ष भास्कर राठौर,कटेकल्याण ब्लॉक अध्यक्ष जेपी मरकाम, अजय मरकाम, आकाश विश्वास, नगर पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान, बीना साहू,संजीव साव, बाल सिंह कश्यप, विपुल रॉय, आशिफ रजा, कमलु अतरा, सलमान नबाब,दिनेश सिंह, सहित बूथ,सेक्टर, मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया



**सुकमा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा के प्रक्षेत्र का भ्रमण एवं अवलोकन किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाई गई मूंग, उड़द एवं रागी फसलों के अवलोकन के साथ साथ इरिगेशन पाइप इंटर लिंकिंग कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान केंद्र में बनाई गई मुर्गी पालन, बटेर पालन, बकरी पालन एवं मशरूम उत्पादन इकाई के साथ साथ चिराग परियोजना के बारे में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में भूमि समतलीकरण, मछली पालन हेतु तालाब, वाटर हार्वेस्टिंग हेतु डबरी, वाटर टैंक एवं पुलिया निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री अनिल राठौर, मत्स्य विभाग से श्री ओम प्रकाश मांडवी, भूमि संरक्षण विभाग से श्री सुनील कुमार , केवीके से श्री हनुमंत तोमर, राजेंद्र कश्यप, सीनियर रिसर्च फैलो श्री वीरेन्द्र चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा और व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित



**सुकमा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वामी विवेकानंद सभागार परिसर पुराना कलेक्ट्रेट सुकमा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना स्तरीय स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा और व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मिलेट फसलों की उपयोगिता के संबंध में सरपंच और प्रगणक दलों के साथ चर्चा किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ ही स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा में भाग लेने वाले माताओं को सुपोषण टोकरी भेंट किया गया।पौष्टिक मिलेट का व्यंजन प्रतियोगिता में सुकमा के श्रीमती दयावती प्रथम रहीं, वहीं कोर्रा के श्रीमती डालमी गौतम द्वितीय पुरस्कार जीतीं। इसी प्रकार स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा में सुकमा के ट्विंकल प्रथम और कुश्वंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएन कश्यप , जिला पंचायत परियोजना अधिकारी श्री भगत, जनपद पंचायत सुकमा सीईओ श्री बलवंत मार्को, कृषि विभाग से श्री बेक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### छगनलाल को संसदीय सचिव ने दिया सहायक उपकरण



**कांकेर,4 अप्रैल ।** कांकेर विकासखण्ड के ग्राम तेलावट निवासी छगनलाल चिराम को अब चलने-फिरने में परेशानी नहीं होगी, उनकी मांग पर जिला प्रशासन द्वारा उनके लिए सहायक उपकरण की व्यवस्था किया जाकर संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी के हाथों प्रदाय किया गया आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में कांकेर विकासखण्ड के ग्राम तेलावट निवासी छगनलाल ने उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के समक्ष अपने निःशक्त होने की जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें बैसाखी प्रदाय किया जाये। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक द्वारा तत्काल बैसाखी की व्यवस्था किया जाकर आवेदक को संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी के हाथों प्रदाय किया गया, साथ ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड भी दिये गये। बैसाखी एवं दिव्यांगता प्रमाण-पत्र मिलने पर छगनलाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संत सेवालाल महाराज सद्भावना रथ का बंजारा समाज ने बाइक रैली निकाल कर किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फरसगांव, 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में बंजारा समाज ने अपने धर्म गुरु सन्त सेवालाल महाराज के संदेशों को अपने बंजारा बन्धुओ तक पहुचने के उद्देश्य से संत सेवालाल महाराज सद्भावना रथयात्रा का शुभारंभ 19 मार्च से किया गया है, जो प्रदेश के सभी जिलों व ब्लाकों में पहुँचेगा, यह रथयात्रा बंजारा समुदाय के लोगो को समाज के प्रति जागरूक करने का काम कर रही । सद्भावना रथयात्रा का कोंडागांव जिले में आगमन होने पर समाज के महिला पुरुष बाइक रैली के साथ रथ का स्वागत कर रहे हैं, यह रथयात्रा कोंडागांव जिले के केशकाल, बहिगांव, गम्हरी रांधना होते हुए फरसगांव पहुंची, फरसगांव पहुंचने पर नगर के प्रवेश द्वारा के समाज के युवाओं ने बाइक रैली के माध्यम से रथयात्रा का भव्य स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल नगर मंडी प्रांगण में लाया गया, जहाँ रथयात्रा में शामिल सभी सदस्यों का समाज के महिलाओं के द्वारा बंजारा संस्कृति से पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया।

जिसके बाद यह रथ यात्रा दूसरे जिले के लिए रवाना हो गई। रथ यात्रा प्रभारी एवं महासभा कार्यकारी अध्यक्ष भागवत नायक जी ने बताया की छत्तीसगढ़ में सेवालाल सद्भावना रथयात्रा का शुभारंभ 19 मार्च को शिवरीनारायण से किया गया और जिसका समापन 8 अप्रैल विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर रायपुर में राज्यस्तरीय रूप में होगा। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भुपेश बघेल इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे । इस रथयात्रा स्वागत के दौरान बंजारा समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता भारद्वाज, ब्लाक अध्यक्ष शंकर भारद्वाज, हीरा भारद्वाज, दशरथ भारद्वाज, श्रीमती सन्नो बाई भारद्वाज, पार्वती पमहार, करताल भारद्वाज, राजकुमार भारद्वाज, हेमराज भारद्वाज, गोपी राठौर, कमलेश भारद्वाज, सन्तोष पमहार कृष्णा भारद्वाज, उत्तम भारद्वाज सहित समाज की महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी ने लगातार दूसरे वित्त वर्ष में 41 मिलियन टन से अधिक उत्पादन कर अबतक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया



**हैदराबाद, 4 अप्रैल ।** भारत के सबसे बडे लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने लगातार दूसरे वित्त वर्ष 41 मिलियन टन का उत्पादन पार किया। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 14.29 मिलियन टन और के मार्च महीने में 5.6 मिलियन टन का उत्पादन करते हुए, सरकारी खनन कंपनी ने अपने इतिहास में चौथी तिमाही और मार्च महीने में अपना अबतक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया। वित्त वर्ष 2023 में एनएमडीसी ने 41.22 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 38.25 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की, इस बात के बावजूद कि एनएमडीसी की स्थापना के बाद से बैलाडिला क्षेत्र में अब तक की सर्वाधिक 622 सेंटीमीटर बारिश हुई है। इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी ने 14.29 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया, जो स्थापना के बाद से किसी भी तिमाही में सबसे अधिक है। एनएमडीसी ने कोहरे के प्रभाव को कम करने के लिए विज़न एन्हांसमेंट तकनीक, जाम से बचने के लिए विशेष खान लाइनर और अयस्कों में नमी की मात्रा को कम करने के लिए पानी के अवशोषक पॉलिमर का उपयोग करके मानसून ऑफसेट के बावजूद उत्पादन के इस मील के पत्थर को हासिल किया। अपनी उत्पादन क्षमता के समर्थन में प्रमुख खनन कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में अपनी निकासी क्षमता भी बढ़ाई है। श्री अमिताभ मुखर्जी (सीएमडी, अतिरिक्त प्रभार) ने इस सुदृढ प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, ×ह्लह्वश्ह्ल;कंपनी द्वारा अभूतपूर्व मूसलाधार वर्षा के बावजूद 41 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन को पार करना एनएमडीसी की ताकत, लचीलापन और खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में अब तक के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से उत्साहित होकर एनएमडीसी उचित गतिशीलता के साथ वित्त वर्ष 2024 में प्रवेश कर रहा है।

### ई-जनचौपाल में 68 आवेदन प्राप्त कलेक्टर ने दिये निराकरण करने के निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय कांकेर में प्रत्येक सोमवार को ई-जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सभी विकासखण्डों के जनपद कार्यालयों में उपस्थित आवेदकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर द्वारा नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर (कोयलीबेड़ा) विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय में प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी समस्या व शिकायत से अवगत करा रहे हैं, जिसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 68 लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्या, शिकायत बताई, जिसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# तेन्दुपत्ता भुगतान को लेकर डीएफओ कार्यालय का घेराव नहीं बनी बात तो नाराज भाजपाई नेशनल हाईवे किया जाम



- एक साल से नही हुआ भुगतान, पूर्व वनमंत्री गागड़ा ने डीएफओ पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप,
- प्रशासन ने भुगतान के लिए 20 दिनों की दी मोहलत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 अप्रैल।** तेन्दुपत्ता हितग्राहीयों की भुगतान को लेकर भाजपा ने दुसरी बार मोर्चा खोला और भाजपा कार्यालय में सभा के बाद डीएफओ कार्यालय घेरने पहुचें जहां अधिकारी और नेताओं और हितग्राहियों के बीच काफी तनातनी हुई डीएफओ के जवाब से असन्तुष्ट होकर पूर्व मंत्री महेष गागड़ा कार्यकर्ताओं के साथ नेषनल हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्षन किया प्रषासन की मोहलत के बाद नेताओं ने हाईवे छोड़ा।विदित हो कि भैरमगढ़ ब्लाक के इन्द्रावती नदी के तट पर बसे आदिवासी ग्रामीणों का तेन्दुपत्ता तोड़ाई एवं वाहन ढुलाई समेत करोड़ों रूपये का भुगतान बीते एक वर्ष से नहीं हुआ है। जिसे लेकर भाजपा नेता महेष गागड़ा लगातार भुगतान की मांग कर रहे है। इसी तारतम्य में दस दिन पूर्व नेलसनार में भाजपाईयों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन करते हुये भुगतान की मांग की थी, इस दौरान डीएफओ अषोक पटेल ने दस दिवस का भुगतान संबंधी आष्वासन दिया था।

दिये गये समय अनुसार भुगतान नहीं होने को लेकर पूर्व वनमंत्री गागड़ा ने हितग्राही एवं कार्यकर्ताओं के साथ सभा के बाद डीएफओ कार्यालय घेरने पहुचें , जहां अधिकारी की गोलमोल जवाब को लेकर तनातनी का माहौल र्निमित हुई जिसके बाद डीएफओ के जवाब से अतुंष्ट भाजपाई उग्र हुए और नगर के बीचो-बीच नेषनल हाईवे जाम कर धरने पर बैठ नारे बाजी करने लगे। पुलिस के द्वारा समझाईष के बाद भी नेता नहीं उठे , वहीं कार्यकर्ताओं उग्र होता देख एसडीएम और तहसीलदार पहुचें, और नेताओं की बात सुनी व भुगतान करने हेतु बीस दिनों का समय दिया है। इसके बाद धरना दे रहे भाजपाई धरने से उठ गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, सतेन्द्र ठाकुर, गोपाल सिंह पवार, लवकुमार रायडू, उर्मिला तोकल, नदकिषोर राणा, फुलचन्द गागड़ा, घासीराम नाग, बलदेव उरसा, चमन ठाकुर, चिन्नाराम तेलम , संदीप तेलम , सुनील तेलम, नीता शाह, रंजना, माया झाडी, पूजा पोदी, पुष्पा सिन्हा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देकर छह लाख रुपये की ठगी



**दुर्ग, 4 अप्रैल।** दुर्ग गैस एजेंसी दिलवाने के नाम पर एक युवक से छह लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपितों के खिलाफ पुलगांव पुलिस ने धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। आरोपितों में एक भारत पेट्रोलियम का कथित अधिकारी भी है और दो लोग पेट्रोल पंप संचालक हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की है पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम खरेंगी जिला धमतरी निवासी शिकायतकर्ता दीपक साहू की शिकायत पर शुभम पेट्रोल पंप कोनारी के संचालक साहिल अग्रवाल, महावीर अग्रवाल और भारत पेट्रोलियम के के कथित अधिकारी नितिन वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी की गई है पुलिस ने बताया कि आरोपित साहिल अग्रवाल और महावीर अग्रवाल ने शिकायतकर्ता को गैस एजेंसी दिलवाने का झांसा दिया था आरोपितों ने इसके एवज में वर्ष 2021 से 2022 के बीच अलग अलग काम के नाम से छह लाख रुपये लिए थे आरोपितों ने जुलाई 2021 में प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पहली बार 34 हजार रुपये लिए थे

इसके बाद एलओआइ पत्र देने के एवज में दो लाख और अधिकारियों को रिश्वत देने के नाम पर लगातार रुपये लिए। रुपये देने के बाद शिकायतकर्ता ने 15 लाख रुपये खर्च कर गोदाम का भी निर्माण करवा दिया। रुपये देने के बाद भी जब शिकायतकर्ता को गैस की एजेंसी नहीं मिली तो उसने दोनों आरोपितों से संपर्क किया इसके बाद आरोपितों ने जनवरी 2023 को भारत पेट्रोलियम के आफिस के नीचे नितिन वर्मा नाम के एक व्यक्ति से मिलवाया। नितिन वर्मा ने खुद को भारत पेट्रोलियम कंपनी का अधिकारी बताया और बोला कि वो और कंपनी के कुछ और अधिकारी कंपनी की आइडी कार्ड पहनकर गोदाम का निरीक्षण करने के लिए पहुंचेंगे इसके बाद ही एजेंसी मिलेगी, लेकिन कोई भी अधिकारी गोदाम के निरीक्षण को नहीं पहुंचा। इस पर शिकायतकर्ता को संदेह हुआ तो वो 25 मार्च को भारत पेट्रोलियम के रायपुर स्थित आफिस में गया। वहां पर उसने आरोपितों द्वारा गए दस्तावेज दिखाए तो अधिकारियों ने सभी के दस्तावेज फर्जी होने की जानकारी दी इसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलगांव थाना में शिकायत की जिसके आधार पर आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है पुलगांव पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ की प्राथमिकी दर्ज की ग्राम खरेंगी जिला धमतरी निवासी शिकायतकर्ता ने की थी ।

### तेज गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन

**महासमुंद।** भीषण गर्मी के चलेत जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के संचालन समय में बुधवार 5 अप्रैल से परिवर्तन के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एक पाली में संचालित सभी प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शालाएं, माध्यमिक/हायर सेकेण्डरी शालाएं सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7-30 बजे से 11-30 बजे तक लगेगी। वहीं ऐसे स्कूल जहां कक्षाएं दो पाली में संचालित होती है, वहां प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रथम पाली प्रातः 7-30 से 11-30 बजे तक हाई-हायर सेकेण्डरी शालाएं 11-30 बजे से 4-30 बजे तक लगेगी।

# सुनील सचिव, विकास ज्योति को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,4 अप्रैल।** प्रेस क्लब खरसिया की आवश्यक बैठक सोमवार 3 अप्रैल को स्थानीय विश्राम गृह में सम्पन्न हुयी, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये साथ ही प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुये नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुनील अग्रवाल को संगठन के सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी।प्रेस क्लब खरसिया की इस बैठक में नगर के वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे तथा अध्यक्ष अजय बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसका सभी उपस्थित पत्रकार साथियों ने एकमत से समर्थन किया। कार्यकारिणी में नगर के वरिष्ठ पत्रकार अमर मंत्री, अशोक अग्रवाल तथा लतीफ अहमद को संरक्षक, सुनील अग्रवाल को सचिव तथा विकास अग्रवाल ज्योति को संगठन के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी, संगठन में नितिन अग्रवाल को संयोजक बनाते हुये वहीं अरूण चौधरी, प्रहलाद बंसल तथा डिग्रीलाल जगत को उपाध्यक्ष बनाया गया है, साथ ही नटवर मित्तल को सह सचिव पद की कमान सौंपी गयी है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता भोगीलाल यादव को संगठन का विधिक सलाहकार नियुक्त कया गया है। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पत्रकार साथयों ने बधाई दी, जिस पर सचिव सुनील अग्रवाल ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जो जिम्मदोरी आप लोगों ने मुझे दी है उसे आप सभी के सहयोग से पूरी तरह से निभाउंगा, साथ ही पत्रकार हित के लिये सदैव तत्पर रहूंगा। विदित हो कि सुनील अग्रवाल इससे पूर्व भी सचिव पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

# कलेक्टर ने पांच दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र प्रदान किए



महासमुंद। शारीरिक रूप से कमजोर लोगों को कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण उपलब्ध कराते हुए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने अपने कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण अंतर्गत 5 दिव्यांगजन (श्रवण बाधित) हितग्राहियों भावेश रावत ग्राम लामीडीह, सोनू राम ग्राम अछरीडीह, दीपमाला साहू ग्राम बकमा, डेहरा चंद्राकर ग्राम बेमचा और विकास यादव नयापारा को श्रवण यंत्र प्रदाय किए। इस योजनांतर्गत निःशक्त व्यक्तियों को जरूरत के मुताबिक ट्राईसायकिल, बैशाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल और किट, व्हील चेयर, टेप रिकॉर्डर, कैलीपर्स, छड़ी एवं अन्य कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं।

# 14 को अंबेडकर की जयंती,16 को भाजपा स्थापना दिवस पर होंगे अनेक कार्यक्रम




**महासमुंद।** जिला भाजपा कार्यालय में महासमुन्द विधानसभा समन्वय समिति की बैठक विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक के पूर्व मंचस्थ अतिथि विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर आदि ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया।महासमुंद विधानसभा समन्वय समिति की बैठक में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने 17 से 27 मार्च तक भाजपा के बूथ सशक्तिकरण कार्य की मंडलवार विस्तृत समीक्षा करते हुए विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में भरे गए पत्रक की जानकारी नी। विश्वकर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अप्रैल माह में भाजपा प्रदेश संगठन से प्राप्त संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है, जिसके सबसे ज्यादा सांसद, विधायक और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ सबसे ज्यादा कार्यकर्ता भाजपा की उपलब्धि है। अनेक राज्यों में भाजपा की सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की 2 बार की सरकार है। विधानसभा प्रभारी विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा ने भारतीय राजनीति में जो मुकाम हासिल किया है, वो हमारे समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम के योगदान से सम्भव हुआ है। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल को भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती तक आयोजित होने वाले सभी 6 प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने का आह्वान करते हुए प्रफुल्ल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश की भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार की वादाखिलाफी से प्रदेश की जनता का मोहभंग हो चुका है। और जनता बड़ी उम्मीदों और आशाओं से उनके हक के लिए संघर्ष करने वाली भाजपा को जनसमर्थन देने आतुर है। हम सभी को विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर विजय के संकल्प के साथ जुटना है।वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रहास चंद्राकर ने भी भाजपा के आगामी सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सभी मंडलों में प्रभारी एवम अन्य जवाबदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। बैठक का संचालन लोकसभा क्षेत्र महासमुन्द के सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान एवम आभार महासमुन्द शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया।बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, धरम साहू, पवन वर्मा, चारो मण्डल अध्यक्षगण सतपाल सिंघ पाली, पप्पू पटेल, श्याम साकरकर, धरम पटेल, नारेंद्र गिरी, प्रेम चंद्राकर, रमेश साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, राहुल चंद्राकर, पार्षद संदीप घोष, अरुण साहू, गोपाल वर्मा महेंद्र सिका, मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, गोपा साहू, पार्वती साहू, गणेश नायक, राजेन्द्र साहू, डिगेश्वरी चंद्राकर, शुभ्रा, शर्मा, उत्तरा प्रहरे, प्रीति सोनी, सुनीता साहू सहित शक्ति केन्द्रों के प्रभारी, संयोजक सह संयोजक और जनप्रतिनिधीगण और सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा की जिला बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों पर किया विचार विमर्श




**दुर्ग,4 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की दुर्ग जिला स्तरीय बैठक भाजपा कार्यालय मे भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा (कवर्धा) एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल (रायपुर) की विशेष उपस्थिति तथा जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान के निष्पादन पर चर्चा एवं आगामी दिनों होने वाले कार्यक्रमों के बारे में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा अपना उद्बोधन व मार्गदर्शन दिया गया साथ ही आगामी कार्यक्रमों के लिए नेताओं के बीच कार्य विभाजन किया गया।बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान की सफलता हमारी विधानसभा लोकसभा चुनाव की जीत का सूत्रधार होगी और इस अभियान के संपादन को लेकर आप सभी चिंतित हैं फिर भी किसी ना किसी कारणवश से अभियान में काफी चुनौतियों का सामना हम सभी को करना पड़ रहा है, पर हम सभी निश्चित तौर पर इस चुनौतियों पर पार पाते हुए बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने उद्बोधन में आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने हर लक्ष्य निर्धारण और उसके आने को लेकर पीढ़ियों की बलिदानी को तैयार रहती है आज जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटना एवं राम मंदिर का निर्माण हमारे लक्ष्य थे इसके लिए कार्यकर्ताओं ने पीढ़ियों से अपना बलिदान दिया है, उसी तरह हमें अपने कार्यों का संपादन भी करना है तथा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ स्तर पर भव्य रुप से मनाने के लिए आह्वान किया। दुर्ग जिला संगठन के सभी मंडल अध्यक्षों से उन्होंने विस्तार पूर्वक कार्यक्रमों की जानकारी एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की। मंडलों में इस अभियान 100 प्रतिशत निष्पादन को लेकर अतिरिक्त वरिष्ठ नेताओं को प्रभारियों के रूप में नियुक्ति की। भाजपा के जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि पार्टी निरंतर क्रियाशील रहने की परंपरा का निर्वाह करती है और इसके लिए लगातार पार्टी के द्वारा कार्यक्रम का निर्धारण किया जाता है वर्तमान में पूरे देश भर में बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम चल रहा है, इसका संपादन हमारा प्रथम लक्ष्य है। जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने मंडलवार मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की, साथ ही आगामी 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल के बीच चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में तिथि वार जानकारी प्रदान कर संपादन हेतु मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष का आवश्यक दिशा निर्देश जारी इस कार्यक्रम के संपादन हेतु जिले से प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी को प्रभारी के रूप में घोषणा की गईभाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई शक नहीं कि मेरी नियुक्ति के पश्चात दुर्ग जिले का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता लगातार कार्यरत है और दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं के कार्यो की प्रशंसा प्रदेश की बैठकों में होती है। जिला भाजपा जितेंद्र वर्मा ने नव नियुक्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपनी कार्यकारिणी की घोषणा जल्द से जल्द करें ताकि आपके कार्य धरातल पर दिखने लगे, आगामी चुनाव में अब ज्यादा दिन दूर नहीं है, जितनी जल्दी मोर्चा- प्रकोष्ठ द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा होगी उतनी जल्दी मैदान पर उतरकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल बनाते हुए जीत का मार्ग प्रशस्त होगामंचासीन विशिष्ट अतिथियों में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रविशंकर सिंह, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गौरीशंकर श्रीवास, बूथ सशक्तिकरण अभियान जिला संयोजक प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मन की बात कार्यक्रम जिला प्रभारी अजय तिवारी, शिव चंद्राकर, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक शामिल रहे।बैठक में उपाध्यक्ष विनायक नातू, दिलीप साहू, अल्का बाघमार, मंत्री पवन शर्मा, आशीष निमजे, रोहित साहू, सह कोषाध्यक्ष निलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, सह सोशल मीडिया प्रभारी नारायण दत्त तिवारी, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश साहू, संतोष सोनी, सचेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष डां.सुनील साहू, लोकमणि चंद्राकर, रोहित राजपूत, लीमन साहू, जितेंद्र यादव, कृष्णा पटेल, विजय ताम्रकार, गिरेश साहू, सुनील अग्रवाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री माया बेलचंदन, निरुपमा चंद्राकर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या कलिहारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजन जोसेफ, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष चंद प्रकाश मांडले, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार, अनुसूचित जनजाति जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, मंडल महामंत्री देवनारायण चंद्राकर, राहुल पंडित, भोमराज जैन, आसिफ अली, मिथलेश कश्यप, मनमोहन शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ आदर्श त्रिवेदी, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक तारन देवांगन, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजिका आशा सुब्बा, शीतल जांगिड़, दिनेश्वरी तुरकर, मौसमी ताम्रकार, अंजू तिवारी, रुपेशवरी साहू, तनुजा बघेल, मीनाक्षी महोबिया ,डॉ. अजय गजेंद्र, अश्वनी टंडन, राकेश यादव, मुकेश बेलचंदन, नवीन पवार, वीरेंद्र तन्ना, विजय पटेल, दिनेश पटेल, सुरेन्द्र बजाज, अभिषेक टंडन, अनूप सोनी, रोमनाथ साहू उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### बम ब्लास्ट, फायरिंग की घटना में शामिल 1 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत आज दिनांक 02-04-2023 को मिलिशिया कैडरों का ग्रामीणों के साथ बैठक करने की सूचना पर थाना बासागुड़ा व कोबरा 210 का संयुक्त बल थाना बासागुड़ा से ग्राम सारकेगुड़ा व कोरसागुड़ा की ओर गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी । गश्त सर्चिंग के दौरान कोरसागुड़ा के जंगल में एक संदिग्ध व्यक्ति अपनी उपस्थिति छिपाते हुये भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पदम दामा उर्फ राकेश उर्फ सुरैया पिता पदम लखमू ,उम्र 35 वर्ष, साकिन कोरसागुड़ा थाना तर्रेम जिला बीजापुर का होना बताया । पूछताछ दौरान माओवादी पदम दामा उर्फ राकेश उर्फ सुरैया स्वयं को दिनांक 17-08-2012 कोचिलकापल्ली के जंगल में फायरिंग करने की घटना, दिनांक 02-10-2012 को आउटपल्ली, लाचरगुट्टा के पास पुलिस पार्टी पर बम ब्लास्ट कर फायरिंग करने की घटना, दिनांक 06-08-2016 को राजपेंटा पुलिया के पास प्रेशर आईईडी लगाने एवं दिनांक 27-12-2016 को बासागुड़ा पोटाकेबिन के पास डायरेक्शनल पाईप बम ब्लास्ट करने की घटना में शामिल होना बताया । पकड़ा गया माओवादी वर्तमान में ग्राम कोरसागुड़ा जनताना सरकार पंच कमेटी के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था । उक्त माओवादी के विरूद्ध थाना बासागुड़ा में पूर्व से 04 स्थाई वारंट लंबित होना पाये जाने से थाना बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया ।

### 70 जोडे बंधे विवाह बंधन में



**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर द्वारा बड़े धूम-धाम से बीजापुर स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं आम नागरिकों में हर्ष का वातावरण देखने को मिला। कन्या पक्ष के अभिभावक बने विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी तो वहीं वर पक्ष से कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी बारात लेकर गाजे-बाजे के साथ विधायक बंगला पहुंचे जहां विधायक ने बरातियों का आत्मीय स्वागत उत्साह एवं परंपरानुसार किया। सभी वर-वधु का सामूहिक विवाह सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। जिसमें 142 जोड़े आदिवासी, 70 जोड़े हिन्दू एवं 24 जोड़े ईसाई वर-वधू के अपने-अपने सामाजिक रीति रिवाज और विवाह संस्कार के माध्यम एक दूसरे के जीवन साथी बने। इस अवसर पर विधायक श्री विक्रम मंडावी, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने नवदंपत्ति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री बंसत राव ताटी, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उददे, जिला पंचायत सदस्य श्री सोमारु राम कश्यप, श्रीमती संत कुमारी मंडावी, पार्वती कश्यप, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया , जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सल्लूर, डीएफओ श्री अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार नेगी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री लुपेन्द्र महिनाग सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### तारमिस्त्री परीक्षा का आयोजन जुलाई में किया जायेगा

**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग के अधीन कार्यालय कार्यपालन अभियंता (अधीन सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ शासन संभाग जगदलपुर के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बीजापुर जिला के समस्त इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 हेतु तार मिस्त्री परीक्षा का आयोजन माह जुलाई 2023 में किया जायेगा। इस हेतु आवेदन पत्र 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ शासन, संभाग जगदलपुर, पंत्र दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र.-19, आजाद चौक, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) पिन-494001, दूरभाष क्र.-07782-221019 के पते पर कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से सायं 5:30 तक में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है :सोमारू राम कश्यप

**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार उसूर ब्लॉक मुख्यालय आवापलली मे ब्लॉक प्रभारी व जिला पंचायत सदस्य कुटरू सोमारू राम कश्यप ने प्रेस वार्ता मे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है विपक्षी पार्टियों को दबाने का काम कर रही है खासकर चार बार के सांसद देश के युवा नेता राहुल गांधी को संसद मे बोलने नहीं दिया जा रहा है संसद मे अडानी के खिलाफ बोलने और उनके घोटाले का पर्दाफाश करने पर उनकी संसद सदस्यता समाप्त की गई आखिर मोदी और अडानी का कया रिश्ता है कयो केंद्र सरकार अडानी को बचाने में लगी है सवाल पूछना कया गुनाह है आगे सोमारू. राम ने कहा कि मोदी सरकार आम.जनता की आवाज दबाने हर तरह के हथकंडे अपना रही है राहुल गांधी ने देश को एक सूत्र मे बांधने शांति भाई चारा सोहार्द कामय करने लगभग चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा की इन सब से घबराकर कर मोदी सरकार राहुल गांधी को डराने धमकाने की कोशिश हो रही है सोमारू राम कश्यप ने यह भी कहा की इन सब के बाद भी कांग्रेस डरने वाली नहीं है हम पूरी ताकत से मोदी सरकार के इस तानाशाही रवैये का डटकर सामना करेंगे और मजबूती से लडेंगे पत्र वार्ता के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एंवम प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव कमलेश कारम प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव अवलम मनोज जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता तेलम सरपंच मीनाक्षी नोलली मंडी सदस्य रत्ना सोढी राजेश वासम विरेन्द्र वासम रामलू सोढी सरवर अंसारी परीझित के .जी . विनोद तालुकदार गोपाल बुरका अनिता मडकम सहित भारी संख्या मे कांग्रेस कार्य कर्ता मौजूद रहे ।



## एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुथरोद में रामायण कथा के उदघाटन करते पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, तारण अनंत अजय धुरंधर दुष्यंत जोशी रामकुमार साहू उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूज्य सिंधी पंचायत व सिंधी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी-गण के साथ-साथ सिंधी महिला संगठन ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा को सम्मानित करते हुए पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष शमन लाल खूबचन्दानी समाज सेवी हीरा नंद सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे



**तिल्दा-नेवरा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम परसदा के क्रिकेट प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी की उपस्थिति के दौरान ग्रामीणों ने स्वागत किया क्रिकेट खेलने वाली उत्कृष्ट टीम को पुरस्कार वितरण किया गया।

### अनाधिकृत रूप से रेल टिकिट बनाने वाले पर कार्रवाई



**भाटापारा, 4 अप्रैल।** 2 अप्रेल को आर.एस.मिश्रा, निरीक्षक प्रभारी आरपीएफपोस्ट भाटापारा के निर्देशन एवं उप निरीक्षक के.के.साहू के नेतृत्व में बल सदस्यों में साथ, रे.सु.ब. पोस्ट भाटापारा क्षेत्राधिकार में अनाधिकृत रूप से ई-टिकट बनाने वालों के विरूद्ध चेकिंग अभियान के दौरान जीएनए कॉलेज रोड, भाटापारा स्थित चक्रधारी च्वाईस सेंटर दबिश दी गई एवं जांच के दौरान पर्सनल यूजर आई.डी. से अनाधिकृत रूप से बनाये गये कुल 15 नग रेलवे आरक्षित ई-टिकट जिसमें 01 भविष्य टिकट एवं 14 पास्ट टिकट च्वाईस सेंन्टर संचालक द्वारिका प्रसाद चक्रधारी वल्द पवन कुमार चक्रधारी (23) ग्राम देवरी के कब्जे से जप्त किया गया एवं पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह आईआरसीटीसी से व्यक्तिगत आईडी से रेलवे आरक्षित ई- टिकट बनाकर रेलवे टिकटों का टिकट चाहने वाले व्यक्तियों को बिक्री कर अवैध व्यापार करता है और टिकट चाहने वालों से टिकट पर अंकित मूल्य से 100 रूपये अतिरिक्त कमीशन प्राप्त करता है उक्त दुकान संचालक के विरूद्ध रे.सु.ब. की धारा 143 रेलवे अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया गया।

# कलयुगी पुत्र ने बाना से वार कर पिता को उतारा मौत के घाट

## आरोपी ने की मौके पर पहुंची पुलिस पर हमला करने की कोशिश, भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 4 अप्रैल।** कलयुगी पुत्र द्वारा अपने ही पिता पर शीतला मंदिर में रखे त्रिशूल (बाना) से ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 02 फरवरी की रात्रि लगभग 12:00 बजे डायल -112 को सूचना मिली कि ग्राम हीरापुर का खेमलाल वर्मा पिता दुखराम वर्मा उम्र 35 साल का अत्याधिक मात्रा में शराब सेवन कर हो-हल्ला कर मारने पीटने पर उतारू है। मृतक पिता दुखूराम वर्मा जिसे समझाने का प्रयास कर रहा था। तभी आरोपी खेमलाल वर्मा के द्वारा शीतला माता मंदिर से लोहे का त्रिशुल कंकालीन बाना जिसे निकाल कर मृतक पिता दुखूराम वर्मा के उपर प्राणघात हमला कर दिया है। जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुचकर मुत्तर्जर दुखू राम वर्मा को उपचार हेतु शासकीय अपस्पताल डोंगरगढ़ लाया गया। जिसे डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया। मौके पर मर्ग कायम कर प्रथम दृष्टया हत्या का मामला पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 163/2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी खेमलाल वर्मा पिता दुखूराम वर्मा उम्र 35 साल को पुलिस हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर हत्या करना स्वीकार किये है। आरोपी के निशा देही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का कंकालीन बाना त्रिशुल को जप्त किया गया। अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

### हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

बताया जाता है की दुखु वर्मा उम्र छोटा लड़का खेमलाल वर्मा नासिक में मिस्त्री काम लगभग दस वर्षो से करता था और लगभग तीन चार दिन पहले ही घर आया था अचानक रात को घर से उठकर खेमलाल वर्मा भागकर शीतला मंदिर के अंदर घुस गया था जिसे समझाने और शीतला का गेट को ताला लगाने उसका पिताजी दुखू राम वर्मा पीछे पीछे गया उसी समय मंदिर का बाना निकाल कर खेमलाल वर्मा ने अपने पिता के ऊपर बाना से हमला कर दिया वह बाना सीधा दुखू राम के नाक में घुंस गया जिससे जगह में ही दुखू राम की मुत्यू हो गया। उस समय गांव के बहुत लोग उस समय जगह में उपस्थित थे खेमलाल वर्मा सभी गांव वालों को गाली गलौज कर रहा था सभी को मारने के लिए दौड़ा रहा था जिसे देखकर पुलिस वालों को सुचना दिया गया फिर पुलिस 112 वालों को भी मारने के लिए दौड़ाया और उसी बाना से 112 गाड़ी के सामने कांच को खेमलाल ने तोड़ दिया जिससे कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे है. अपने ही पिता की हत्या पर सभी आश्चर्यचकित है और जादू टोना व दैवीय प्रकोप के कारण घटना की आशंकाए जताई जा रही थी. फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। उक्त कार्यवाही में सउनि रामकृष्ण अनंत, सउनि धन्ना लाल सिन्हा, सउनि अशोक साहू, प्रआ. दीपचंद वर्मा, प्रआ. महादेव साहू, प्रआ. अजीत टोप्पो आ. रोहित सिंग, आर. प्रदुमन पैकरा, आ. 959 गोपाल पैकरा आ. प्रमोद करियारे की भूमिका सराहनीय रहा है।

# हड़ताल पर बैठे सचिवों ने जलाई आदेश की प्रति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 4 अप्रैल।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई जनपद पंचायत सिमगा जिला बलौदा बाजार 16 मार्च से एक सूत्री मांग शासकीयकरण को लेकर अनवरत धरने पर बैठे हैं। आज दिनांक 3 अप्रैल को पंचायत सचिव के जायज मांगों को समर्थन देने पहुंचे पूर्व जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष आनंद यादव अनुपम अग्रवाल जनपद सदस्य दमयंती वर्मा निधि कोमल टंडन अलका उपाध्याय सरोजिनी भगवान महेश जांगड़े शांति जोशी राजूराम रजत गंगा सहित स्थल पर पहुंचे कर आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया गया एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्दर्श काम पर वापस लौटने अन्यथा पंचायत का प्रभार हेतु आंतरिक करण अधिकारी को आदेशित किया गया जिसके विरोध में सचिवों द्वारा आदेश की प्रतिलिपि को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया और शासन के दमनकारी नीतियों से डरना नहीं जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल अनवरत जारी रहेगा सचिव द्वारा संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष खडानंद वर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव कमल साहू वरिष्ठ पंचायत सचिव रमेश बंजारे कैलाश पुरी गोस्वामी जोहनदास भारती तेजराम वर्मा सरजू प्रसाद ध्रुव वीरेंद्र कुमार साहू अवध राम साहू संजय वर्मा नरसिंह वर्मा जीवन लाल कोसले पूनम श्रीवास्तव मंजू ठगन लाल पूर्णिमा वर्मा श्रवण कुमार वर्मा चंद्र कुमार वर्मा धनेश्वर साहू सहित सिमगा ब्लॉक के सभी सचिव उपस्थित रहे।

# सुवर्णा चुनी गईं निर्विरोध विप्र समाज अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 4 अप्रैल।** रजनी दुबे के महिला प्रकोष्ठ परिछेत्र सिमगा का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद आज सर्व विप्र समाज भवन सिमगा में उपस्थित महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष के लिए सुवर्णा शर्मा को सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किए द्य जिसमे चुनाव अधिकारी के रुप में निहारिका तिवारी ने चुनाव सम्पन्न कराया। छ. ग. सर्व विप्र समाज परिक्षेत्र सिमगा के अध्यक्ष सुनिल तिवारी के मार्गदर्शन में चुनाव सम्पन्न हुआ। महिला प्रकोष्ठ के उपस्थित सदस्यों में रत्ना शर्मा, मंजु शुक्ला, पुनम तिवारी, रजनी दुबे, निहारिका तिवारी, कु. दिछा पान्डे, स्मृति पांडे, विक्रांत मिश्ना सनरछक युवा मंच, विक्रमादित्य पान्डे अध्यछ युवा मंच. विनोद पांडे. निरज शर्मा, परिछित चतुर्वेदी, सशान्क दुबे, महिला प्रकोष्ठ के उपस्थित सदस्यों में रत्ना शर्मा, मंजु शुक्ला, पुनम तिवारी, रजनी दुबे, निहारिका तिवारी, कु. दिछा पान्डे, स्मृति पांडे, विक्रांत मिश्ना सनरछक युवा मंच, विक्रमादित्य पान्डे अध्यछ युवा मंच. विनोद पांडे. निरज शर्मा, परिछित चतुर्वेदी, सोरभ दुबे, लता शर्मा आदि मौजूद थे।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के सत्यापन के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 4 अप्रैल।** आज जनपद पंचायत सिमगा के सभाकक्ष में डीओ द्वय हेतलाल देवांगन सेवाराम गेण्ड्रे ने शिक्षिको को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना 01 अप्रैल 2023 से लागू करने के निर्णय के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्रों को पोर्टल के माध्यम से कराने हेतु घोषणा किया गया है। जनपद पंचायत स्तर में ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों को शासन के मार्गदर्शिका के अनुसार आवेदन की जॉच या सत्यापन कराने हेतु आज दिनांक 03.04.2023 को कर्मचारियों की प्रशिक्षण उपस्थित कर्मचारियों को विस्तार से दिया गया। इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से करारोपण अधिकारी हरिशचंद साहू, तकनीकी सहायक त्रय गुलशन कुमार, शिवश वर्मा, दूजे कुमार एवं शाखा प्रभारी पिताम्बर मानिकपुरी उपस्थित थे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

आनलाईन नंबर 202303211100122

अ/2 वर्ष 2022-23

**उद्‌घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार जोशी पिता सोनूराम जोशी निवासी ग्राम धनसुली तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा **ग्राम अवरेठी प.ह.न. 10** तहसील भाटापारा स्थित भूमि **खसरा नम्बर 124/37 रकबा 0.010 हेक्टर अर्थात 1050 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु** छ.ग. भूरा संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्न निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को **आवासीय प्रयोजन** हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण **नियत 18.04.2023** तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज **दिनांक 22.03.2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
मुहर **भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

आनलाईन नंबर 202303211100120

अ/2 वर्ष 2022-23

**उद्‌घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णकांत आडिल पिता सुरेन्द्र कुमार आडिल निवासी ग्राम श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा **ग्राम हथनी प.ह.न. 40** तहसील भाटापारा स्थित भूमि **खसरा नम्बर 565/80 रकबा 0.009 हेक्टर अर्थात 1012 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु** छ.ग.भू. रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्न निर्धारण के लिये खसरा नक्शा, बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को **आवासीय प्रयोजन** हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण **नियत 18.04.2023** तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 22.03.2023** को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
मुहर **भाटापारा**


# पत्नी ने बेलन से गला दबाकर की पति की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**देवभोग, 4 अप्रैल।** देवभोग थाना अंतर्गत राजापारा मुहल्ले में एक पत्नी ने अपने शिक्षक पति को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पत्नी ने बेलन से गला दबाकर घटना को अंजाम दिया है। मामले में देवभोग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। वहीं आरोपी पत्नी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद गावड़े ने बताया कि सनत सोनवानी पिता रामदास सोनवानी(47) निवासी खैरा तुलसी थाना कुंडा जिला कवर्धा वर्ष 2013 से देवभोग ब्लॉक में शिक्षक के रूप में पदस्थ था। वहीं सोमवार की देर रात सनत को उसके किरायेदार और पत्नी बेहोशी की हालत में देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे। इस दौरान डॉक्टर ने जाँच कर सनत सोनवानी को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टरों ने गले में कुछ कुछ निशान होने की बात भी कही। इस दौरान पुलिस ने शव का पीएम करवाने के उसे चिरघर भिजवा दिया। वहीं शक के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी शीतल सोनवानी से आज सुबह पूछताछ शुरू किया। इस दौरान शीतल ने पुलिस को बताया कि उसका पति आदतन शराबी था। आये दिन शराब के नशे में घर पहुँचकर विवाद करता था। घटना वाले दिन भी मृतक शराब पीकर स्कूल गया था और वहां सो गया था। इस दौरान पत्नी ने मकान मालिक से सहयोग मांगकर उसे घर लेकर आई थी। घर आने के बाद फिर से मृतक उससे गाली गलौच कर झगड़ा करने लगा। इस दौरान आरोपिया ने गुस्से में आकर घर के बेलन से उसका गला दबा दिया। जिससे मृतक की मौत हो गई।

**बच्चों से रहना पड़ रहा था दूर:** आरोपिया ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसका पति शराब के नशे में धूत होकर ज़ब घर पहुँचता था। इस दौरान वह झगड़ा शुरू कर देता था। आये दिन गाली गलौच और झगड़े से बच्चे भी डरे हुए थे। ऐसे में ना चाहते हुए भी अपने दोनों बच्चों को अपने से दूर करना पड़ा। शीतल ने बताया कि दोनों बच्चे उसके दादा-दादी के पास रहते है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 01**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक................**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आर. जगदीश्वर राव पिता स्व. आर.रमणा राव प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक द्वारा आशीष डिडवानिया पिता सीताराम डिडवानिया निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम-रायपुरा पटवारी हल्का नंबर 57 राजस्व निरीक्षक मंडल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 572/14, 572/16 रकबा 0.101, 0.149 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/अतिरिक्त/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.12.22 के परिपालन में दिनांक 05/04/2023 को समय 03:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 57 के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
मुहर **रायपुर-01**

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202303211900019

अ / 27 वर्ष 2022-2023

ग्राम का नाम-धौराभांठा

**ईश्तहार**

क्योंकि मौजा धौराभाठा प.ह.नं. 22 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भूमिस्वामी चन्द्रिका पति श्री जगतूराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम धौराभाठा तहसील भाटापारा ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते की भूमि का खाता विभाजन के लिए आवेदन किया है, क्योंकि उक्त खाते का बटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 17.04.2023 स्थान उप तहसील कार्यालय निपनिया में 11:00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

**खाते का विवरण**

| सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक (ख.नं.) | | क्षेत्रफल | भू-राजस्व |
|---|---|---|---|
| धौराभांठा | 43/2 | 0.1360 हे. | 1.71 रूपये |
| | 78/14 | 0.1460 | |
| | 78/15 | 0.1380 | |
| | 78/16 | 0.1590 | |
| | 114 | 0.0770 | |
| | 206/1 | 0.2140 | |
| | 281/2 | 0.0200 | |
| | 484/7 | 0.1570 | |
| **योग** | **08** | **1.0470 हे.** | **1.71 रूपये** |

आज दिनांक 23/03/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
मुहर **निपनिया**


# हनुमान जन्मोत्सव पर धर्मनगरी में तीन दिवसीय आयोजन की बनी रूपरेखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 4 अप्रैल।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में हनुमान युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारी में नगर के युवा जुटे हैं जिसमें शहर को भगवा तोरण, झंडे, महावीर मंदिर प्रांगण को स्वागत गेट लाइट से सजाया गया है। तीन दिवसीय रहेगा आयोजन जिसमे 4 अप्रैल 2023 संध्या 4:00 बजे विशाल बाइक रैली 5 अप्रैल 2023 संध्या 4:00 भव्य शोभायात्रा 6 अप्रैल 2023 दोपहर 12:00 बजे महाआरती व रात्रि 8:00 भजन संध्या मूछ वाले हनुमान महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित है

समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 10वां वर्ष है हनुमान जन्मोत्सव को नगर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे सर्व समाज के माताओं बहनों व भाइयों से सहपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है।

**शोभायात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र:** भव्य शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा, पारंपरिक आदिवासी नाचा, छत्तीसगढ़ी गोदुम बाजा, गुरु कृपा धुमाल राम दरबार व उत्तर प्रदेश की हनुमान लीला शिव तांडव साथ ही आंध्रा प्रदेश के हनुमान की झांकी सन्ध्या 04 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से निकलेगी व नगर वासियो को देखने को मिलेगी साथ ही रात्रि प्रसादी की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। भजन संध्या हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर समिति द्वारा आराधना म्यूजिकल ग्रुप डोंगरगढ़ की प्रस्तुति में मुंबई के गायक हरीश ग्वाला, डोंगरगढ़ के वेंकट राव, इंद्रजीत कौर, राजा शर्मा, निखिल जैन द्वारा भक्तिमय कीर्तन सुनने व देखने मिलेगा। समिति आप सभी नगर वासियो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करती है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202303211900016

अ/6 वर्ष 2022 2023

ग्राम का नाम-खपरी एस

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री दिलीपदास पिता श्री कुंवरदास मानिकपुरी व अन्य जाति पनिका निवासी ग्राम खपरी एस तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम खपरी एस प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 495/ 24 रकबा 0.5060 हे. लगान 1.25 रूपये के खातेदार शांतिबाई पिता दयादास मानिकपुरी की मृत्यु दिनांक 30.04.2021 को होने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा इच्छापत्र दिनांक 12.05.2017 के अनुसार वसीयतकर्ता शांतिबाई पिता दयादास मानिकपुरी के स्थान पर वसीयत ग्रहितागण दिलीपदास, जागेश्वरदास पिता कुंवरदास मानिकपुरी जाति पनिका का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 17/04/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी तारीख 17/04/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/03/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
मुहर **निपनिया**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

कार्यालय 07853 220127, Email id:- nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com

**क्रमांक/1181/रा.शा./बा.नी./न.पा.परि./2022-23** **बीजापुर, दिनांक 27/03/2023**

**मैनुअल पद्धति से नीलामी हेतु आमंत्रण सूचना वित्तीय वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद बीजापुर के स्वामित्व का टैक्सी स्टैण्ड/अस्थाई दखल शुल्क/साइकिल, मोटर साइकिल स्टैण्ड करों/शुल्क वसूली हेतु ठेका दिनांक **15.04.2023** से **31.03.2024** तक 11 माह 15 दिवस की अवधि के लिए नीलामी दिनांक 17.04.2023 को कार्यालय नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में समय प्रातः 11.00 बजे से रखा गया है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अमानत राशि समय प्रातः 10.30 बजे तक जमा कर सकते हैं।

**1. आवेदन एवं अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथिः- 15.04.2023**

| क्रमांक | कार्य का नाम | शासकीय बोली/अनुमानित लागत | अमानत राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | टैक्सी स्टैण्ड | 3,00,000/- | 30,000/- | |
| 02 | अस्थाई दखल शुल्क | 4,99,000/- | 49900/- | |
| 03 | साइकिल, मोटर साइकिल स्टैण्ड शुल्क | 10,000/- | 1000/- | |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीजापुर**
**जिला-बीजापुर (छ.ग.)**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23